# उन्नाव समाचार

## गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, खड़े ट्रक में घुसी कार, चार की मौत



**मेरठ से प्रयागराज जा रहे थे कार सवार, टक्कर इतनी जोरदार कि उड़ गए वाहन के परखच्चे**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में टाटा पंच कार सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसे लोगों को निकालने के लिए पुलिस व रेस्क्यू टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसा गंगा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 387 के पास अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। जानकारी के अनुसार टाटा पंच कार में सवार लोग मेरठ से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम और आसीवन थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार मृतकों के पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे तत्काल पहचान हो सके। उनकी शिनाख्त और परिजनों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस का मानना है कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज रफ्तार और सड़क पर खड़े ट्रक को समय रहते न देख पाना प्रतीत होता है। मामले की जांच की जा रही है। **टक्कर इतनी भीषण कि कार बन गई मलबा** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। ट्रक से भिड़ंत के बाद वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू टीम को विशेष उपकरणों की मदद लेनी पड़ी। हादसे की भयावहता देखकर मौके पर मौजूद लोग भी दहल उठे।

## डीएसएन पीजी कॉलेज की दो छात्राओं ने जीते 4 स्वर्ण पदक, दीक्षांत समारोह में होंगी सम्मानित





स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। डी.एस.एन. (पी.जी.) कॉलेज, उन्नाव के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के 09 जुलाई को प्रस्तावित 41वें दीक्षांत समारोह हेतु जारी अनंतिम पदक विजेताओं की सूची में कॉलेज की दो छात्राओं ने कुल चार स्वर्ण पदक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय की एम.ए. शिक्षा शास्त्र की छात्रा वर्णिका शर्मा को विश्वविद्यालय परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर हींग वाला स्वर्गीय बाबू किशोर चंद्र कपूर स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। वहीं एम.एससी. रसायन विज्ञान की छात्रा प्रिया कुमारी गुप्ता ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। उन्हें डॉ. डी.एस. भाकनी स्वर्ण पदक, दयानंद सरस्वती स्वर्ण पदक तथा श्रीमती जयदेव देवी जयपुरिया स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के सचिव मानवेन्द्र स्वरूप ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण है। उन्होंने छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे कॉलेज की शैक्षणिक प्रतिष्ठा और अधिक मजबूत होगी। बीएड विभाग के सहायक आचार्य एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. विपिन कुमार सिंह ने भी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से मिली यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी।महाविद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की हैं।

## तीन किलोमीटर का सफर बना मुसीबत, गड्ढों से भरी सड़क पर किसानों और राहगीरों की बढ़ी परेशानी

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। विकासखंड हसनगंज क्षेत्र में फरहदपुर से चंदौली मार्ग तक की महज तीन किलोमीटर लंबी सड़क बदहाली का शिकार है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे अब तालाब का रूप ले चुके हैं, जिससे राहगीरों को यह छोटी दूरी तय करने में करीब 30 मिनट तक का समय लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से सड़क की हालत खराब है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

आम के सीजन में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। फरहदपुर क्षेत्र की प्रसिद्ध आम मंडी तक पहुंचने के लिए हजारों किसान इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। खराब सड़क के कारण न केवल किसानों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि पके आम



भी झटकों से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से गड्ढा मुक्त सड़कों के दावे किए जाते हैं, लेकिन इस मार्ग की स्थिति उन दावों की पोल खोल रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के बाद इसकी मरम्मत और रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।



स्थानीय निवासी नवमित ने बताया कि उनके पास दो बीघा आम का बाग है। मंडी तक आम ले जाते समय सड़क के गड्ढों के कारण काफी मात्रा में फल खराब हो जाते हैं, जिससे नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं आदमपुर निवासी गुरु ने कहा कि आम से भरी ठेलिया लेकर गुजरते समय गड्ढों में पलटने का खतरा बना रहता है और कई बार ऐसी घटनाएं हो भी चुकी हैं।



ग्रामीण रविंद्र ने बताया कि रात के समय सड़क पर चलना और भी मुश्किल हो जाता है। गहरे गड्ढों के कारण कई बार लोग दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं, जबकि वाहन भी गड्ढों में फंस चुके हैं।

**बड़े हादसे का बना खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति लगातार खतरनाक होती जा रही है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

**क्या बोले अधिकारी**

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जूनियर इंजीनियर प्रवीण कटियार ने बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कार्य चल रहा है। यह कार्य पूरा होते ही ग्रामीण सड़कों की पैचिंग और मरम्मत का अभियान शुरू किया जाएगा तथा फरहदपुर-चंदौली मार्ग की समस्या का भी समाधान कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासनों से अधिक सड़क पर दिखाई देने वाला काम चाहिए, ताकि किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को राहत मिल सके।

## अवैध ताड़ी पर आबकारी विभाग का सख्त अभियान, दर्जनों पेड़ कटवाए, ताड़ी नष्ट

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। जिले में अवैध शराब एवं ताड़ी के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी विभाग ने थाना माखी क्षेत्र के कई गांवों में सघन छापेमारी की। इस दौरान अवैध ताड़ी उत्पादन में प्रयुक्त करीब 40 से 50 पेड़ कटवाए गए तथा लगभग 60 से 65 लीटर ताड़ी मौके पर ही नष्ट कराई गई। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 हसनगंज ज्योति अग्रवाल ने स्थानीय पुलिस बल के साथ लखौरा, नारायणपुर, दीपगढ़ी, राजाबाग, कोडरा और धौंकलखेड़ा गांवों में संयुक्त रूप से अभियान चलाया। टीम ने ताड़ी निकालने के लिए लगाए गए पेड़ों को चिन्हित कर हटवाया तथा मौके पर रखी मटकियों में भरी ताड़ी को नष्ट कराया।

## संत मिलन दास हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया




**विहिप-बजरंग दल ने निकाला कैंडल मार्च, हत्यारों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। चर्चित संत मिलन दास हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता मिली है। मामले की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान आरोपी की घटना में संलिप्तता सामने आई थी। बीते मंगलवार को नगर के घूरे टोला मोहल्ला निवासी संत मिलन दास की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक पक्ष की तहरीर पर इसराइल समेत पांच नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड के बाद नगर में व्यापक आक्रोश देखने को मिला था और पुलिस पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया था। पुलिस ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अजय उर्फ लल्ली, शफी और यामीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं मामले की विवेचना के दौरान मोहल्ला पुरबिया टोला निवासी अली मोहम्मद उर्फ मम्मद पुत्र अलीबक्श की संलिप्तता सामने आने पर पुलिस ने उसे नगर बाईपास के निकट से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। विवेचना के दौरान जिस भी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आएगी, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **कैंडल मार्च निकालकर जताया विरोध** संत मिलन दास की हत्या को लेकर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। शुक्रवार शाम कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल पार्क से नानामऊ मार्ग तिराहा तक कैंडल मार्च निकालकर संत की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया और सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी तथा कठोर कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च में भाजयुमो जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता, मृतक संत के भाई वीरेंद्र सिंह, आनंद सिंह अर्कवंशी, सभासद हरिओम तिवारी, सुनील गौतम, वीरपाल, अनिल कुशवाहा, अवधेश गुप्ता 'तूफानी' सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल रहे। **अब तक चार आरोपी पहुंच चुके जेल** संत मिलन दास हत्याकांड में पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आज होगा 'मैं कमला शंकर...' स्मृति ग्रंथ का लोकार्पण, सजेगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन




स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। हिंदी सेवी, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी पंडित कमला शंकर अवस्थी की स्मृति में प्रकाशित स्मृति ग्रंथ 'मैं कमला शंकर...' का लोकार्पण 13 जून को निराला प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य समारोह में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी करेंगे।

भारती परिषद एवं निराला शिक्षा निधि के संयुक्त तत्वावधान में शाम पांच बजे आयोजित होने वाले इस समारोह की जानकारी देते हुए संयोजक तनुज अवस्थी ने बताया कि कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता तथा विधायक आशुतोष शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि स्मृति ग्रंथ का संपादन डॉ. रामनरेश एवं डॉ. गणेश नारायण शुक्ला ने किया है। ग्रंथ में पंडित कमला शंकर अवस्थी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण संस्मरण, उनके लेखन और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए योगदान को संकलित किया गया है। साथ ही उनके जीवन की कहानी को उनके ही शब्दों में प्रस्तुत किया गया है, जिससे नई पीढ़ी उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित हो सके।पत्रकार वार्ता में डॉ. रामनरेश, शैलजा शरण शुक्ल, पी.के. मिश्रा, राजेश शुक्ला, शरद मिश्रा, राजेश दीक्षित, गुलाब सिंह एडवोकेट, के.के. मिश्रा एवं कमलेश शुक्ल सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**देश के नामचीन कवियों की होगी काव्य वर्षा** लोकार्पण समारोह के दूसरे चरण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संयोजक तनुज अवस्थी ने बताया कि इसमें पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कवि उदय प्रताप सिंह, प्रख्यात व्यंग्यकार अशोक चक्रधर, चर्चित कवयित्री डॉ. सरिता शर्मा, हास्य-व्यंग्य के लोकप्रिय कवि संपत सरल तथा प्रसिद्ध गजलकार मंजर भोपाली अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

पद्मश्री हृदयनारायण दीक्षित होंगे सम्मानित समारोह में प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले 'कमला शंकर अवस्थी हिंदी सेवी सम्मान' से इस वर्ष प्रख्यात चिंतक, लेखक, विचारक एवं राजनेता पद्मश्री हृदयनारायण दीक्षित को सम्मानित किया जाएगा। तनुज अवस्थी ने बताया कि हृदयनारायण दीक्षित और पंडित कमला शंकर अवस्थी के बीच लंबे समय का आत्मीय संबंध रहा है। दोनों आपातकाल के दौरान जेल में भी साथ रहे थे। श्री दीक्षित ने सम्मान ग्रहण करने की स्वीकृति दे दी है।

**उन्नाव में कवि सम्मेलन की परंपरा के सूत्रधार थे कमला शंकर**

पंडित कमला शंकर अवस्थी साहित्य, शिक्षा, सहकारिता और विधि क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्ती रहे। वर्ष 1952 में उन्नाव में पहले कवि सम्मेलन की शुरुआत का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बीघापुर क्षेत्र में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महाप्राण निराला महाविद्यालय और मनोहर स्मृति महिला महाविद्यालय की स्थापना की। वह उन्नाव बार एसोसिएशन के पांच बार अध्यक्ष तथा जिला सहकारी बैंक के दो बार अध्यक्ष भी रहे। साहित्य, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को आज भी जनपद सम्मान के साथ याद करता है।

# कानपुर देहात समाचार



## ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगा एस एसएस फाउंडेशन का प्रशिक्षण अभियान

रसूलाबाद कानपुर देहात।केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने के लिए मैसर्स भुवनेश्वरी डायनेमिक्स द्वारा संचालित एस एस एस फाउंडेशन का ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण अभियान का नगर चेयरमैन देवशरण कमल ने फीता काटकर का शुभारंभ किया ।निदेशक बीरेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं महिलाओं किसानों और लघु व्यवसायियों का डाटा संकलित कर उनकी योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था के निदेशक वीरेंद्र दुबे अल्का दुबे और कैप्टन जे डी यादव ने बताया कि अभियान में सेमिनार के माध्यम से डेयरी पशुपालन ऊर्जा उत्पादन निर्माण एवं महिला समूहों से जुड़े क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही क्लस्टर बनाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा। बीरेंद्र दुबे ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन अशिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान साबित होगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। एस एस एस फाउंडेशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ से इस अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की है। संस्था ने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। इस मौके पर पत्रकार कल्याण समिति के संस्थापक गीतेश अग्निहोत्री प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता रोहित पांडेय सुरेन्द्र मिश्रा प्रमोद कुमार यादव हरिश्चंद्र मोनू यादव अभिषेक कुमार वेदराम एम डी युनुस मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर मनाई गई 12 वर्ष पूर्ण होने की खुशी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संस्कार सुशासन एवं सम्मान थीम आधारित विभिन्न जन. जागरूकता एवं जन.कल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद में अधिवक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन सदर तहसील सभागार में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष रेणुका सचान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं



संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सुशासन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु संचालित विभिन्न अभियानों की जानकारी अधिवक्ताओं के साथ साझा की गई। साथ ही उपस्थित अधिवक्ताओं से सुझाव प्राप्त करते हुए शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए तथा सरकार द्वारा विगत वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों एवं जनहितकारी पहलों पर सकारात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित कर जनकल्याणकारी ऊयोजनाओं के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी अधिवक्ता गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## रनिया में सांसद भोले का राजू सिंह चौहान के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो रनिया कानपुर देहात। प्रबुद्ध जनों का सम्मान करने रनिया पहुंचे सांसद देवेंद्र सिंह भोले का प्रमुख व्यवसायी राजू सिंह चौहान द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया फूल मालाओं के साथ अंग वस्त्र भेंट कर किए गए स्वागत से प्रसन्न सांसद द्वारा कहा गया कि आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सरकार ने सफलता के उस शिखर को छूने में कामयाबी प्राप्त की है जो कल तक केवल एक सपना ही रहा है उन्होंने राजू सिंह चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय आने पर ऐसे समर्पित भाजपा के सिपाहियों को उचित सम्मान दिया जाएगा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रबुद्ध नागरिक सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत बुधवार को रनिया पहुंचे अकबरपुर लोकसभा के भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले का अभूतपूर्व स्वागत किया गया इसके उपरांत उन्होंने एक.एक घर पहुंच कर लोगों को सम्मानित करते हुए सरकार को प्राप्त हुई उपलब्धि की बधाई दी उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें किसी भी वक्त याद किया जाए जनता की सेवा करने के मामले से वे पीछे नहीं हटेंगे इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू शर्मा डॉक्टर आर एन अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा पिंकू भइया शाहिद आदि मौजूद रहे।

## खेत बचाओ अभियान के तहत विकसित कृषि संकल्प स्वस्थ मृदा स्वस्थ फसल समृद्ध किसान सभा का आयोजन



रसूलाबाद कानपुर देहात। विकास खण्ड रसूलाबाद के ग्राम समायूं एवं दशहरा में खेत बचाओ जागरूकता महा अभियान एवं किसान सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विभाग से जिला कृषि अधिकारी महोदया प्राची पाण्डेय एडी ओ एजी सुरेन्द्र बीटीएम जगप्रसाद गांव के लगभग 80 किसान उपस्थित रहे । जिला कृषि अधिकारी प्राची पाण्डेय ने खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत आज विकासखंड रसूलाबाद के ग्राम पंचायत समायूं एवं दशहरा सुजानपुर में कृषकों को संतुलित उर्वरकों के प्रयोग किए जाने तथा मृदा में ऑर्गेनिक कार्बन को बढ़ाए जाने हेतु हरी खाद वर्मी कंपोस्ट गोबर खाद व अन्य वैकल्पिक उर्वरकों जैविक खाद के प्रयोग किए जाने हेतु जागरूक किया गया साथ ही चयनित कृषकों को ग्राम प्रधान द्वारा को दो मिनीकिट भी वितरित किया गया। बीटीएम जगप्रसाद द्वारा फार्मर रजिस्ट्री किसान पंजीकरण किसान सम्मान निधि फैमिली आईडी दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया किसानों को इफको अधिकारी अक्षय राज द्वारा नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस सागरिका आदि के प्रयोग विधि एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । नैनो डीएपी को 5 एम एल प्रति किलोग्राम की दर से बीज शोधन एवं 5एमएल प्रति लीटर के दर से जड़ शोधन करने के बाद आधा घंटा तक छाया में सुखाए उसके बाद बुवाईरोपाई कर दे एवं जब फसल में पत्तियां आ जाए तो नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस सागरिका तरल का एक साथ 5 मिलीलीटर लीटर के दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे। सभी किसान भाइयों को दानेदार यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया का छिड़काव पत्तियो पर छिड़काव करें व अन्य जल विलेय उर्वरक की भी जानकारी दी गई।

## शौच को गए बुजुर्ग राजमिस्त्री के नदी मे डूबने की आशंका शव की तलाश जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती** कानपुर देहात। रूरा थाना क्षेत्र के धनीरामपुर गांव निवासी एक बुजुर्ग राजमिस्त्री शौच के दौरान नहर में डूब गया वही बुजुर्ग के नहर में डूबने के बाद आस पास लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने रात से ही बुजुर्ग के शव की तलाश शुरू कर दी हैएलेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। रूरा थाना क्षेत्र ग्राम धनीरामपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके 58 वर्षीय पिता बाबूराम जो पेशे से राजमिस्त्री हैं गुरुवार की शाम काम बंद कर साइकिल से घर लौट रहे थे।रास्ते में पेट्रोल पंप के पास उन्होंने एक स्थानीय दुकानदार भारत पाल की दुकान पर अपनी साइकिल खड़ी की और कपड़े उतारकर सामने स्थित नहर के किनारे शौच के लिए चले गए। अंदेशा है कि इसी दौरान वे अचानक संतुलन खोने या किसी अन्य कारणवश नहर में गिर गए।सुनील कुमार का आरोप है कि दुकानदार भारत पाल और उसके बेटे रवि ने उनके पिता के नहर में गिरने की सूचना तुरंत पुलिस को तो दे दी लेकिन परिवार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। देर रात तक पुलिस ने मौके पर खोजबीन की इसके बाद फायर स्टेशन प्रभारी राज नारायण ने देर रात तक खोजने का प्रयास किया लेकिन राजमिस्त्री का कोई सुराग नहीं मिल सका।थानाध्यक्ष सुधीर भारद्वाज ने बताया दमकल और गोताखोरों की टीम बुजुर्ग की तलाश में लगी हुई है लेकिन अभी तक बुजुर्ग का कोई पता नहीं चल सका है।तहसीलदार डॉ रवींद्र मिश्रा ने बताया कि एसडीआरएफ कानपुर नगर से रवाना हो गई एक बजे तक घटनास्थल पर पहुंच रही है।

## सपा जिला अध्यक्ष एवं फैजान ने कार्यक्रम की सफलता पर ज्ञापित किया धन्यवाद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन को मिली अपार सफलता से प्रसन्न सपा जिला अध्यक्ष बबलू राजा एवं भोगनीपुर विधानसभा के लोकप्रिय युवा उम्मीदवार हाजी फैजान खान द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि समाजवादी पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के सम्मान की रक्षा में हर समय खड़ी दिखाई देती है और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता भी अपने नेता के निर्देश का अनुपालन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं इसलिए कार्यक्रम को सफल बनाने वाले प्रत्येक सपा के समर्पित सिपाही को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद है। गौर तरफ रहे कि पार्टी हाई कमान के निर्देश पर गुरुवार को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर पीडीए के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित था सपा जिला अध्यक्ष अरुण यादव बबलू राजा एवं भोगनीपुर विधानसभा के लोकप्रिय युवा उम्मीदवार हाजी फैजान खान द्वारा की गई मेहनत के जरिए हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम को पूरी तरह सफलता के शीर्ष पर पहुंचा दिया गया था शुक्रवार को सपा जिला अध्यक्ष एवं फैजान द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए कहा गया कि जुल्म और जालिमों की इस हुकूमत से जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है इसलिए अब वह दिन दूर नहीं जब उत्तर प्रदेश में जनता समाजवादी पार्टी के नेतृत्व की सरकार गठित करते हुए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने का काम करेगी उन्होंने सभी को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सही जानकारी न देने पर फीलखाना इंस्पेक्टर समेत दो दरोगा सस्पेंड

**-अफसरों को देरी से दी टप्पेबाजी मामले में गिरफ्तारी की सूचना**
**-पुलिस कमिश्नर ने कार्रवाई करते हुए दिए विभागीय जांच के आदेश**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** आरोपी की गिरफ्तारी का सही जानकारी न देने के आरोप में पुलिस कमिश्नर ने फीलखाना इंस्पेक्टर व दो दरोगा सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश भी दिए है।

पनकी सी ब्लॉक निवासी अवनीश मिश्रा की पनकी पॉवर हाउस में त्रिमूर्ति ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। अवनीश ने बताया कि बिरहाना रोड स्थित एक दुकान में रिपेयरिंग व फिनिशिंग के लिए जेवर दिए थे। 7 मई की शाम करीब 7.20 पर वह अपने साथी कर्मचारी आशीष मिश्रा के साथ जेवर उठाकर फूलबाग में खड़ी बाइक के पास जा रहे थे। तभी कृष्णा ज्वैलर्स के सामने एक शातिर ने उन्हे रोका और बोला इधर आओ साहब बुला रहे हैं। वह मौके पर पहुंचे तो युवक ने खुद को सीबीआई अफसर बताते हुए कहा कि कुछ लोग बैग में बम लेकर घूम रहे है, जिनका मकसद धमाका करना है...लाओ बैग चेक कराओ। जबरन बैग लेने पर आशीष ने विरोध किया तो उसे तमाचा मारते हुए चुप रहने को कहा। इस दौरान बैग के अंदर की एक जेब में रखा बॉक्स पार कर दिया, इसके बाद अवनीश बैग छीनकर एक ज्वैलर्स की दुकान में घुए गए। अवनीश ने दुकानदार को जानकारी दी तो तब तक मौके से भाग निकले। अवनीश ने बताया था कि बॉक्स में सोने के दो हार, चार कंगन, नथुनी समेत 13 लाख का माल आरोपी लूटकर भाग निकले। अवनीश ने कहा कि चेकिंग के दौरन जब कर्मचारी आशीष ने एतराज जाताया तो उसे पहले मारा, फिर शातिर ने अपने साथी से कहा कि इनको जीप में भरो और थाने ले चलो। देखते है कि वहां कितना मुंह चलाते हैं। यह सुन सर्राफ सहम गया था और उसने चेकिंग करने की इजाजत दे दी थी। आरोप था कि चेकिंग के दौरान जब अवनीश ने कहा कि सर इसमें सोना है बस बाकी कुछ नहीं। यह सुन शातिरों ने कहा कि तुम लोग दुबई से सोना लाकर यहां स्मगलिंग कर रहे हो, अब तो तुमको जेल होगी। डीसीपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि फीलखाना थाना प्रभारी अजय मिश्रा, दरोगा करन पाल सिंह और अनिल कुमार के साथ मध्य प्रदेश के होशंगाबाद गए थे।वहां उन्होंने शेख मुख्तार उमर को पकड़ा और उससे चूड़ी और हार भी बरामद कर लिया था, लेकिन इसकी सूचना अधिकारियों को काफी देर से दी थी। इसके साथ ही शेख मुख्तार उमर की गिरफ्तारी प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर थाना प्रभारी समेत दो दरोगाओं को सस्पेंड करने के आदेश दिए गए है।

## 32 सौ करोड़ लेने-देन मामले में पप्पू छुरी का पार्टनर सजीव दीक्षित गिरफ्तार

**-बोगस कंपनियों के जरिए काली कमाई को लगाता था ठिकाने**
**-सिंडीकेट में जुड़े कई बड़े चेहरे पुलिस की रडार पर**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** 3200 करोड़ के अवैध लेनदेन के मामले में शुक्रवार को चकेरी पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी जेल भेजे गए महफूज अली उर्फ पप्पू छुरी का पार्टनर है। पूछताछ में सामने आया कि उसने भी बोगस कंपनियों के जरिए करोड़ों की आईटीसी चोरी, स्क्रैप कारोबारियों व स्लाटर हाउस की काली कमाई को ठिकाने लगाने में अहम भूमिका निभा रहा था। इस मामले में 10वीं गिरफ्तारी है। इस सिंडीकेट में जुड़े कई बड़े चेहरे उनके रडार पर हैं। जल्द ही गैंग से जुड़े अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।



पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि 3200 करोड़ के अवैध लेनदेन में जेल भेजा गया मास्टर माइंड महफूज अली उर्फपप्पू छुरी के साथी संजीव दीक्षित को चकेरी पुलिस ने श्याम नगर से गिरफ्तार कर लिया। बीएससी पास शातिर संजीव गरीब व बेरोजगारों को झांसे में लेकर उनके दस्तावेज लेकर बोगस कंपनियां बनाने के साथ ही उनके नाम पर बैंक अकाउंट खोलता और पूरा एक्सेस अपने पास रखता था। संजीव ने लोगों को गुमराह करके उनके दस्तावेजों के जरिए 13 कंपनियां खड़ी की और 323 करोड़ का अवैध लेनदेन सामने आया है। शातिर इन बोगस कंपनियों के जरिए ही आईटीसी क्लेम करके सरकार को करोड़ों का चूना लगाया। इन बोगस कंपनियों और बैंक अकाउंट के जरिए ही स्लाटर हाउस व स्क्रैप कारोबारियों के करोड़ों रुपए को इधर से उधर करके सरकार की टैक्स चोरी की। एक-दो नहीं सैकड़ों स्क्रैप कारोबारी व स्लाटर हाउस मालिक अपने लाखों करोड़ों रुपए का इन्हीं बोगस कंपनियों के साथ ही बैंक अकाउंट से लेनदेन करते थे। पुलिस के पास कानपुर के 50 से ज्यादा बड़े कारोबारी व उद्योगपतियों के नाम सामने आए हैं, जो इन बोगस बैंक अकाउंट के जरिए अपने काली रकम को सफेद कर रहे थे। पुलिस ने पकड़े गए शातिर संजीव दीक्षित को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कानपुर में 3200 करोड़ के अवैध लेनदेन के मामले में 10वीं अरेस्टिंग की है। इस सिंडीकेट में जुड़े कई बड़े चेहरे उनके रडार पर हैं। जल्द ही गैंग से जुड़े अन्य आरोपियों की भी अरेस्टिंग करके जेल भेजा जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सपा का प्रदर्शन



**- ज्ञापन देने से पहले नगर अध्यक्ष को किया नजरबंद**
**-भाजपा सरकार महिला विरोधी मंशा पर उठाए सवाल**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** सपा सुप्रीमा अखिलेश यादव की पुत्री आदिती यादव को लेकर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में शुक्रवार को सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद को ज्ञापन देने जाने से पहले ही उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। फजल महमूद पार्टी कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय प्रवक्ता नितेंद्र यादव के साथ पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देने जा रहे थे। आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफनारेबाजी की और कोतवाली इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मामले में गुरुवार को कानपुर में भरत पटेल, नागेश्वर सिंह बघेल और विनोद यादव के खिलाफमुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं प्रतापगढ़ में शीतला सुजान कवि नाम की सोशल मीडिया आईडी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जब किसी महिला के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां, चरित्र हनन और दुष्प्रचार किया जाता है, तब सरकार और प्रशासन की संवेदनशीलता दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान पर हमला करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नितेंद्र यादव ने कहा कि जब पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी ही सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियों से सुरक्षित नहीं है, तो आम महिलाओं की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। आरोप है कि ज्ञापन कार्यक्रम से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा नगर अध्यक्ष को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार द्वारा प्रशासन के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण यादव की शिकायत पर कानपुर साइबर थाने में केस दर्ज किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक सोशल मीडिया अकाउंट से अदिति यादव की तस्वीर को एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट साझा की गई। साथ ही अन्य आरोपियों पर अभद्र टिप्पणियां करने का भी आरोप है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इससे अखिलेश यादव और उनके परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीश पाण्डेय ने आश्वस्त किया कि सोशल मीडिया पर संचालित ऐसी गतिविधियों की गंभीरता से जांच कराई जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा बंसल जैन, नंदलाल जयसवाल, विनय गुप्ता, महेन्द्र सिह, समीर सोनकर, रजत मिश्रा, दीपक खोटे, शादाब आलम, महेश कन्नौजिया समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लेदर फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। जाजमऊ स्थित एक लेदर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की भयावह स्थित देख मजूदर फैक्ट्री से बाहर भाग निकले। फैक्ट्री से उठते काले धुएं के गुबार से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। केडीए निवासी अरशद की एक्ने ट्रेनर्स नाम से लेदर फैक्ट्री हिंदुस्तान कंपाउंड में स्थित है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर बने स्प्रे डिपार्टमेंट में रखे कंप्रेसर में कथित शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। उस समय विभाग में छह से अधिक मजदूर काम कर रहे थे। आग लगते ही कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। सभी मजदूर किसी तरह फैक्ट्री से बाहर निकले। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और फैक्ट्री के बाहर भीड़ जमा हो गई। कर्मचारियों ने टेनरी में उपलब्ध उपकरणों और पड़ोसी फैक्ट्रियों से पाइप लगाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग बुझाने



के दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। फैक्ट्री से निकल रहे घने काले धुएं को देखकर आसपास के लोग घबरा गए। कई परिवार एहतियातन अपने घरों से बाहर निकल आए और सुरक्षित स्थानों पर खड़े रहे। लेदर फैक्ट्रियों में बड़ी मात्रा में केमिकलए चमड़ा और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण दमकल कर्मियों को विशेष सतर्कता के साथ रेस्क्यू और आग बुझाने का काम करना पड़ा। फायर अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस और दमकल विभाग फैक्ट्री में हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

## सुबह हुई बूंदाबादी, गिरा पारा, उमस ने बढ़ाई परेशानी



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। शुक्रवार सुबह से ही तेज हवाओं और हल्की बारिश ने राहत दी है। वहीं गुरूवार की अपेक्षा अधिकतम तापमान 3.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री नीचे आ गया। बूंदाबादी होने के बाद लू के थपेड़े थम गए, लेकिन उमस भरी गर्मी ने लोगों को पसीने से तर रखा। सीएसए की मौसम वेधशाला में 0.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि 14 जून के बीच हल्की वर्षा के आसार हैं। हल्के और मध्यम बादल बने रहेंगे। उमस भरी गर्मी भी जारी रहेगी। शुक्रवार सुबह तेज हवाओं और बूंदाबांदी ने गर्मी कम कर दी, लेकिन दोपहर को उमस भरी गर्मी हो गई। लोगों को लू से राहत मिली। तेज धूप और हवा में नमी अधिक होने के कारण लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। बाजारों, चौराहों और मुख्य सड़कों पर निकलने वाले अधिकांश लोग गमछा, दुपट्टा या कपड़े से चेहरा ढककर चलते दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक भी गर्मी से बचाव के लिए पूरी तरह ढंके नजर आए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वातावरण में नमी बनी रहने के कारण अगले कुछ दिनों तक लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। चक्रवात की वजह से रात और दिन दोनों का तापमान सामान्य से नीचे आ गया। हवा का रुख दक्षिण-पूर्वी हो गया। सुबह माहौल में नमी का प्रतिशत 44 हो गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ एस यन सुनील पांडेय ने बताया कि वातावरण मैं नमी मौजूद होने के कारण दुसरे दिन सुबह तक तेज हवाओं और गरज चमक बाले बदलो के साथ हल्की बारिश/ बौछारों की संभावना आने वाले दिनों में बनी रहेगी ।

### गंगा किनारे में मिला युवक का कपड़ा, मोबाइल व बैग

कानपुर। जाजमऊ में शुक्रवार सुबह लोगों ने गंगा किनारे एक युवक का मोबाइल, कपड़ों का बैग और बिरयानी पड़ा देखा। आशंका जताई जा रही है कि गुरुवार की देर रात युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी है। सूचना पर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि रोजाना की तरह उन लोग सुबह गंगा किनारे पहुंचे तो गंगापुल के पहले पिलर के पास जूते, बिरयानी और कपड़ों का एक बैग पड़ा हुआ था। इस जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैग की तलाशी ली, तो उसके अंदर से मार्च महीने में हुई एसआई भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र मिला है। उन्होंने आशंका जताई कि युवक ने गुरुवार देर रात गंगा में छलांग लगाई होगी। पुलिस ने उन्नाव के शुक्लागंज से पांच गोताखोरों की एक टीम बुलाई है, जो युवक की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर मिले युवक के सामान की तलाशी लेने पर पुलिस को एक प्रवेश पत्र और केनरा बैंक का एटीएम कार्ड मिला। बताया जा रहा है कि यह एडमिट कार्ड मार्च माह में आयोजित उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का है, जिस पर ऋतिक कुमार नाम दर्ज है। परीक्षा केंद्र स्वरूप नगर स्थित एक विद्यालय का है। पुलिस इसी एडमिट कार्ड के आधार पर युवक की पहचान और उसके परिजनों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जाजमऊ थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि युवक के नदी में कूदने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल उसकी तलाश और पहचान सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस, गोताखोरों और नाविकों की मदद से युवक की तलाश में जुटी है।

### वन विभाग की टीम पर दबंगों ने बोला हमला

कानपुर। महाराजपुर में पेड़ कटान कटान की सूचना पर पहुंचे वन विभाग टीम पर दबंगों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि ठेकेदारों ने डिप्टी रेंजर के सामने ही वनकर्मी संजय कुमार की पिटाई की और उनके साथ भी अभद्रता की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खत्रीनखेड़ा गांव में दबंगों द्वारा अवैध तरीके से जामून के पेड़ का कटान किया जा रहा था। सूचना पर वन विभाग कर्मी संजय कुमार के साथ डिप्टी रेंजर विजय कुमार मौके पर पहुंचे। टीम ने पेड़ कटान का परमिशन मांगा तो लकड़ी ठेकेदार अनुज, उसके भाई सर्वेश और दऊवन उर्फ अनीस ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर डिप्टी रेंजर विजय कुमार व वन कर्मी संजय कुमार को पीट दिया। डिप्टी रेंजर ने पुलिस को फोन मिलाया तो दबंग मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वनकर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने मौके से लकड़ी लदी एक पिकअप गाड़ी भी कब्जे में ले लिया। वहीं महाराजपुर इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## श्री गुरु ग्रंथ साहिब के हस्तलिखित पावन स्वरूप को लेकर कीर्तन यात्रा

**-श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया यात्रा का स्वागत**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के हस्तलिखित पावन स्वरूप को लेकर शुक्रवार को विशाल नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। यह स्वरूप सरदार हरिंदर पाल सिंह द्वारा लिखा गया पांचवां स्वरूप है, जिसे जल्द ही नगर कीर्तन के रूप में कानपुर से आनंदपुर साहिब पंजाब ले जाकर गुरुद्वारे में सुशोभित किया जाएगा। इस पावन स्वरूप को तैयार करने में लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा। नगर कीर्तन यात्रा गुमटी से शुरू होकर रणजीत नगर गुरुद्वारा पहुंची। यात्रा में शहर के विभिन्न गुरुद्वारों की स्त्री सत्संग सभाओं और सेवादारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रास्ते में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। आगे गतका दल शस्त्र कला का प्रदर्शन करते हुए चल रहा था, जबकि नरसिंह वाद्य यंत्रों की गूंज और सतनाम वाहेगुरु के जाप से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बताया गया कि तारीख घोषित होने के बाद यह पावन स्वरूप नगर कीर्तन के साथ कानपुर से श्री आनंदपुर साहिब पंजाब पहुंचाया जाएगा। आनंदपुर साहिब वही पावन धरती है, जिसे श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने बसाया था। इस अवसर पर गोविंद सिंह लाडी, गुरविंदर सिंह, सरदार सतनाम सिंह सूरी, राजेंद्र काके, नीतू सिंह, नीना बहन, सुरेंद्र कौर, अमरजीत सिंह, आत्मजीत सिंह, रौनक सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

## कमरे में पांच दिन पूराना रिटायर्ड आर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी का शव

**-दुर्गंध आने पर लोगों ने दी पुलिस को सूचना**
**-परिजनों ने दर्ज कराई थी रावतपुर थान में गुमशुदगी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** रावतपुर में पांच दिन से लापता एक रिटायर रक्षाकर्मी का शव उनके ही घर के निचले कमरे से बरामद हुआ। ऊपर मंजिल पर रहने वाले बेटे ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घर से दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर शव मिला। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आनंद नगर निवासी ईबख्श ऑर्डिनेंस फैक्टरी से वर्ष 2003 में रिटायर्ड हुए थे। पत्नी आफरीन ईसाई हैं। परिवार में पत्नी के अलावा बेटा अनुराग बहु प्रगति, अनुराग के दो बेटे, विवाहित बेटी शिप्रा और बहन अलका हैं। बहन शिप्रा उनके पास ही रहती है, जबकि बेटी अपनी ससुराल में है। वह पत्नी के साथ घर के निचले हिस्से में अलग रहते थे। जबकि बेटा अपने परिवार के साथ ऊपरी मंजिल पर रहता है। घर का निचले





हिस्से के कमरे का एक दरवाजा बाहर की तरफ से बंद होता है उसमें ताला लगा था। जिस पर बहू प्रगति ने ससुर के बारे में अपने पति अनुराग से पूछा। जिसके बाद अनुराग ने अपने चाचा एन बक्श से भी इसको लेकर चर्चा की थी। परिजनों ने बताया कि ईबख्श रविवार से अचानक लापता हो गए थे। उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद 10 जून को रावतपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इस बीच शुक्रवार सुबह कमरे से तेज दुर्गंध आने लगी। जिस पर पड़ोसियों ने बेटे से शिकायत के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के नीचे बने कमरे की जांच की। कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजे पर हल्का दबाव डाला, तो वह खुल गया। कमरे में ईबख्श का शव नग्न अवस्था में जमीन पर पड़ा था और कई दिन पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़- गल चुका था। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि परिजन ऊपर हिस्से मे रहते थे मृतक नीचे रहते थे। चार दिन से उनका शव नीचे कमरे मे पड़ा था। बदबू आने पर परिजनो ने घटना कि जानकारी दी। शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है।

## शक्कर मिल खलवा में धंसा डॉट नाला, नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**-सुरक्षा की दृष्टि से 6 मकानों को खाली करने का नोटिस चस्पा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** लक्ष्मीपुरवा के खलवा इलाके में डाट नाला धंस गया। जिससे कई मकान भी खतरे की जद में आ गए। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने पार्षद विकास साहू के साथ मौके का निरीक्षण किया। डॉट नाला अचानक क्षतिग्रस्त होने से किसी भी समय अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बनी हुयी है। जिस पर 6 मकानों को खाली कराने का नोटिस जारी किया गया।

वार्ड-1 के अन्तर्गत लक्ष्मीपुरवा खलवा में डॉट नाला धंसने के बाद बड़ा गड्ढ़ा हो गया। घनी आबादी वाले इस इलाके में कई मकान कच्चे और पक्के हैं, जिससे लोगों सहमे हुए हैं। नगर आयुक्त ने मौके की स्थिति का जायजा लिया। जोनल अभियन्ता ने बताया कि नीचे से गुजर रहा डॉट नाला अचानक क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण किसी भी समय अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बनी हुयी है। क्षतिग्रस्त डॉट नाले की मरम्मत कराया जाना अत्यन्त आवश्यक हो गया है। जिस पर सुरक्षा की दृष्टि से नगर आयुक्त ने करीब आधा दर्जन मकानों को खाली करने हेतु नोटिस निर्गत की गयी। नगर आयुक्त ने रैन बसेरा चाचा नेहरू शेल्टर होम एवं डिप्टी पड़ाव शेल्टर होम में परिवार सहित ठहरने हेतु निर्देश दिए। साथ ही डॉट नाले की मरम्मत हेतु अफीम कोठी चौराहे से झकरकटी मुख्य मार्ग पर धर्मकॉटे की दीवार तोड़कर मशीन को अन्दर लाते हुए सफाई सुनिश्चित की जायेगी। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि तत्काल जनहित में कार्य प्रारम्भ कराते हुए क्षतिग्रस्त डॉट नाले की मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही सुरक्षा का विशेष ध्यान देते हुए नाले के ऊपर भवनों को तत्काल खाली कराया जाये।

### बरसात से पहले की पूर्ण किया जाए नाले का कार्य

लक्ष्मीपुरवा खलवा में डॉट नाला धंसने के बाद विधायक अमिताभ बाजपेई ने जलकल विभाग और नगर निगम के अधिकारियों के साथ मौके का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धंसे हुए नाले की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसके बाद विधायक न केवल प्रभावित स्थान का निरीक्षण किया, बल्कि आसपास के अन्य हिस्सों में भी नाले और सीवर लाइन की स्थिति की जांच कराई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां-जहां सीवर लाइन और नालों की स्थिति खराब है, वहां भी आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए। साथ ही बरसात शुरू होने से पहले सभी जरूरी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि राहत एवं मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान रामू कुशवाहा, रिंकू बाजपेई, आनंद साहू, शिनेष कुमार, धीरू पटेल आदि क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में ट्रक मैकेनिक की मौत



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। बिधनू में तीन दिन पूर्व तेज रफ्तार ने ट्रक मैकेनिक को टक्कर मार दी थी। परिजनों ने घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरूवार देर रात ईलाज के द ौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिधनू के तेजीपुरवा गांव निवासी राजेश ने बताया कि उनके दो बेटे राम प्रकाश और हिमांशु थे। हिमांशु रईमपुर स्थित ट्रक गैराज में काम करता था। मंगलवार शाम हिमांशु गैराज से घर लौट रहा था, वह रमईपुर स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा ही था, तभी पीछे आ रहे तेज रफ्तार डंपर हिमांशु को टक्कर मारकर करीब 30 मीटर तक घसीटता ले गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। जिससे हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया था, परिजनों ने उसे नौबस्ता स्थित धनवंतरि हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जिसके बाद गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# फतेहपुर समाचार

### शांति व्यवस्था भंग की आशंका में 13 गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 13 संदिग्धों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार, सुल्तानपुर घोष, खखरेरू, गाजीपुर, ललौली और बकेवर पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 430 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा दो वाहनों से मौके पर शमन शुल्क वसूला गया।

## सपा अध्यक्ष की सुपुत्री पर अभद्र टिप्पणी से अधिवक्ताओं में रोष



**- डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुपुत्री अदिति यादव के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई अपमानजनक और अभद्र पोस्ट को लेकर फतेहपुर के अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी है।

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह चैहान उर्फ जालिम सिंह की अगुवाई में वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस कृत्य में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत तत्काल प्रभावी और कठोर दंडात्मक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।

### अपराधियों के खिलाफ फतेहपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

-12 शातिर अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में अपराध नियंत्रण और जघन्य अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जिले के 12 शातिर और अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। इन चिह्नित अपराधियों के खिलाफ लूट, चोरी, नकबजनी और गोवध जैसे संगीन अपराधों के तहत विभिन्न थानों में कुल 65 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार, जिन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है उनमें असोथर थाना क्षेत्र का रोहित सिंह, खागा का कासिम अली, कोतवाली क्षेत्र का सलीम उर्फ सलमान, बिंदकी का हलीम उर्फ मुल्ला एवं पिंटू उर्फ पटुआ, राधानगर का राकेश विश्वकर्मा, हथगाम क्षेत्र के अशोक पासवान, तौशीक, कमल सिंह उर्फ नन्हें, शनि व अर्जुन तथा बकेवर का सुनील कुमार पासवान शामिल हैं। यह सभी आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर जिले की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए थे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अब इन सभी अपराधियों की दैनिक गतिविधियों पर पुलिस चैबीसों घंटे पैनी नजर रखेगी। इनके ठिकानों, आने-जाने के स्रोतों और इनके मददगारों की नियमित समीक्षा करने के लिए संबंधित थाना प्रभारियों की जवाबदेही तय की गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या दोबारा अपराध की दिशा में कदम बढ़ाने पर इनके खिलाफ तत्काल गैंगस्टर और जिला बदर जैसी कठोर निरोधात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खागा हाईवे किनारे बोरी में बंद मिली महिला की लाश

**- हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** खागा कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब हाईवे किनारे एक पीले रंग की बोरी में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। स्कूरी गांव के पास सर्विस लेन पर मिले इस शव की खबर से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिसके बाद सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तत्काल घटनास्थल को घेरकर अपनी जांच शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह राहगीरों की नजर हाईवे किनारे पड़ी एक संदिग्ध बोरी पर गई थी, जिससे तेज दुर्गंध आ रही थी। अनहोनी की आशंका होने पर ग्रामीणों ने तुरंत डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब बोरी को खोला, तो उसके भीतर एक करीब 30 से 35 वर्षीय महिला का शव मिला। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है, जिससे मामला बेहद रहस्यमय हो गया है। शव जिस अवस्था में मिला है, उससे आशंका जताई जा रही है कि महिला की किसी अन्य स्थान पर हत्या करने के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को यहां फेंका गया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मृतका की शिनाख्त के लिए आसपास के जिलों और थानों को सूचना भेज दी गई है। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो हाईवे और सर्विस लेन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ कौशाम्बी की ओर स्थित टोल प्लाजा की फुटेज भी खंगाल रही हैं, ताकि संदिग्ध वाहनों का पता लगाया जा सके। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सोशल मीडिया और पुलिस नेटवर्क के जरिए पहचान की कोशिशें तेज कर दी गई हैं।

## खागा के चंदापुर गढ़ा गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदापुर गढ़ा गांव में गुरुवार की देर शाम बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण एक रिहायशी मकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिसकी चपेट में आने से ग्रामीण गया पासवान का पूरा घर और उसमें रखा अनाज, कपड़े, बर्तन सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन पीड़ित परिवार ने भारी आर्थिक नुकसान की बात कहते हुए प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

## ललौली में चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप

**- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की निष्पक्ष सर्वे की मांग**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** ललौली गांव के ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरतने और बिना उचित सर्वे कार्य किए अवैध रूप से कब्जा परिवर्तन व पैमाइश करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने मांग की है कि वर्तमान में चल रही चकबंदी की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और पहले पूरे गांव का नए सिरे से निष्पक्ष सर्वे कराया जाए, उसके बाद ही चकबंदी का कार्य आगे बढ़ाया जाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों में भारी खामियां हैं। गांव में सही तरीके से सर्वे न होने के कारण चक निर्माण के दौरान कई किसानों के पुराने पक्के मकान, पूर्वजों की कब्रें, कुएं तथा अन्य स्थायी निर्माण दूसरे व्यक्तियों के चकों में शामिल किए जा रहे हैं। इस विसंगति के कारण ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद और तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। शिकायती पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि इस दोषपूर्ण स्थिति में काम जारी रहा, तो भविष्य में गांव में हिंसक टकराव और अप्रिय घटनाएं घटित हो सकती हैं।

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने यह भी दावा किया कि बिना पैमाइश के हो रही इस प्रक्रिया के कारण करीब 80 प्रतिशत छोटे और सीमांत काश्तकारों के रकबे में कमी दर्शाई जा रही है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। इसके अतिरिक्त, ललौली ग्राम प्रतिवर्ष बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां भूमि संबंधी विवाद बेहद संवेदनशील हो जाते हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की गुहार लगाई है। इस मौके पर मोहम्मद अली, असलम खान, फारूक बख्श खान, मोबीन खान, सईद अली, मोहम्मद हारून आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिंदापुर टोल प्लाजा बना अवैध वसूली का अड्डा

- ओवरलोड वाहनों से धन उगाही का वीडियो वायरल होने पर हड़कंप

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-सागर रोड पर स्थित जिंदापुर टोल प्लाजा इन दिनों अवैध वसूली और नियमों की धज्जियां उड़ाने का मुख्य केंद्र बन चुका है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि टोल प्लाजा के कर्मचारी मौरंग लदे प्रतिबंधित ओवरलोड ट्रकों और डंपरों से खुलेआम अवैध धन उगाही कर उन्हें बिना किसी कानूनी रोक-टोक के आगे जाने का रास्ता दे रहे हैं। इस पूरी अवैध प्रक्रिया का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें टोल कर्मी वाहन चालकों से नकदी लेते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड मौरंग लदे वाहन गुजरते हैं। परिवहन नियमों का पालन कराने के बजाय टोल के कुछ निजी कर्मचारी निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त मोटी रकम लेकर इन वाहनों को पास करा देते हैं। इससे न केवल राज्य सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि अत्यधिक भार वाले वाहनों के कारण सड़कें समय से पहले जर्जर हो रही हैं और आए दिन गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं। इस खेल में परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

टोल प्लाजा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाले इस वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है। हालांकि समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए एआरटीओ विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों की गहन जांच कराई जा रही है। जांच में अवैध वसूली या ओवरलोडिंग को बढ़ावा देने की पुष्टि होते ही संबंधित टोल एजेंसी और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### -जिला पोषण समिति की बैठक
### आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में ढिलाई पर बीडीओ विजयीपुर से स्पष्टीकरण तलब

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विकास एवं पुष्टिवहार विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की बेहद धीमी प्रगति पाए जाने पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी विजयीपुर से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश जारी किए। साथ ही अन्य सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्माणाधीन केंद्रों का शेष कार्य एक महीने के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जो भी आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित संकेतकों से असंतृप्त हैं, उनके लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और हर महीने कम से कम 10 केंद्रों को संतृप्त करने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों के चिन्हांकन की गति बढ़ाने तथा सैम व मैम बच्चों की अधिकता वाले 5 संवेदनशील केंद्रों को चिह्नित कर मुख्य सेविकाओं के माध्यम से निरंतर निगरानी रखने की हिदायत दी। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं के साथ-साथ अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ें।

बैठक में यह भी अनिवार्य किया गया कि गर्भवती व धात्री महिलाओं और बच्चों को मिलने वाले पोषाहार का वितरण शत-प्रतिशत एफआरएस के माध्यम से ही किया जाए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएफएमएस पोर्टल पर समय से कराने के निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक रानी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए डीएम को सौंपा पत्र

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने विकास खंड हंसवा स्थित ऐतिहासिक श्रानी तालाबश् के जीर्णोद्धार, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण को लेकर जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है। डीएम को दिए पत्र में उन्होंने अवगत कराया कि वर्ष 1911 में रानी गोमती कुंवर द्वारा निर्मित यह तालाब क्षेत्र की एक अनमोल ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ जल संरक्षण का बड़ा स्रोत है, जो वर्तमान में उपेक्षा के कारण जर्जर और सूखा पड़ा है। तालाब में गाद भरने व घाट टूटने से इसकी गरिमा नष्ट हो रही है; अतः जनहित में इस धरोहर का सर्वेक्षण कराकर इसके गहरीकरण, पानी भरवाने, घाट निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और वृक्षारोपण हेतु आवश्यक बजट स्वीकृत करने की मांग की गई है ताकि इस अनमोल विरासत को सुरक्षित किया जा सके।

### मोहर्रम पर निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर अधि. अभि. को घेरा

फतेहपुर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को ताजिया एवं अलम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। कमेटी के अध्यक्ष चैधरी मोईन राइन और महासचिव वारिस उद्दीन ने मांग की कि जुलूस मार्गों पर ढीले और लटके हुए बिजली के तारों को ऊंचा किया जाए ताकि ताजिया निकालते समय किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। अधिशासी अभियंता ने कमेटी को आश्वस्त किया कि पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति और जुलूस के रास्तों पर विशेष फॉल्ट दुरुस्ती टीमों की तैनाती की जाएगी।

### विमान हादसे के मृतकों को रेडक्रॉस सोसाइटी ने दी श्रद्धांजलि

फतेहपुर। अहमदाबाद के मेघाणीनगर में हुए भीषण विमान हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 242 निर्दोष नागरिकों की पहली पुण्यतिथि पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री चैक पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपस्थित नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने इस हादसे को देश की सबसे दुखद घटनाओं में से एक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

**सीओ प्रगति यादव का स्थानांतरण, दी भावुक विदाई**

फतेहपुर। जनपद में अपनी कुशल प्रशासनिक कार्यशैली और अपराध नियंत्रण के लिए विशेष पहचान बनाने वाली क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव का स्थानांतरण कानपुर कमिश्नरेट हो जाने पर पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय की उपस्थिति में विदाई देते हुए उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने में दिए गए योगदान की सराहना की गई। विदाई के क्षणों में स्मृति चिह्न भेंट करते समय पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और भावुक माहौल से भर गया।

- शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा

## जर्जर विद्यालय भवनों को जून के भीतर ढहाने का जिलाधिकारी का सख्त निर्देश

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और शैक्षणिक कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में चल रहे ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कड़े लहजे में निर्देशित किया कि जिन परिषदीय विद्यालयों के भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं और उनकी नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनका जून महीने के भीतर हर हाल में ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही नीलामी के लिए शेष बचे भवनों की प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्कूल चलो अभियान के तहत तय किए गए लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जिले में एक भी बच्चा ड्रॉपआउट न होने पाए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्मार्ट क्लास और डिजिटलीकरण के माध्यम से पढ़ाई कराने पर जोर दिया। साथ ही विभागीय मानकों के अनुरूप कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के उच्चीकरण और अवशेष ब्लॉकों में प्रति 100 छात्राओं पर एक शौचालय निर्माण के कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालयों के निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस समीक्षा बैठक के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी और समस्त खंड विकास अधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## भिटौरा में गंगा जलधारा रोकने और पुल निर्माण सामग्री न हटाने की शिकायत

- डीएम से कार्रवाई की मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। नमामि गंगे विभाग (भाजपा) के जिला संयोजक व गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल ने भिटौरा स्थित सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन पुल के पास निष्प्रयोज्य सामग्री के कारण गंगा नदी में हो रहे जल अतिक्रमण और जलधारा प्रभावित होने का गंभीर मुद्दा उठाया है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर जनहित में त्वरित कार्रवाई करने और पुल को शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। पत्र में विनोद कुमार गुप्ता और अरुण जायसवाल के भी हस्ताक्षर हैं।

जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में अवगत कराया गया है कि भिटौरा में सेतु निगम द्वारा पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान जलधारा को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर सीमेंट और बालू से भरी बोरियों का प्रयोग किया गया था, लेकिन कार्य पूरा हो जाने के बाद भी उन बोरियों को उक्त स्थान से हटाया नहीं गया। इसके चलते वर्तमान में गंगा नदी के जल प्रवाह में भारी अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इसके साथ ही खुशरूपीपुर एवं हाजीपुरगंग घाट के आस-पास के क्षेत्रों में काफी मात्रा में बालू एकत्रित हो जाने के कारण गंगा की जलधारा अपने निश्चित स्थान से दूर हो गई है, जिससे घाटों से गंगा नदी काफी पीछे खिसक गई है।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सेतु निगम द्वारा पुल के आस-पास भारी मात्रा में अनुपयोगी और निष्प्रयोज्य निर्माण सामग्री छोड़ दी गई है, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों और राहगीरों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि जनहित और पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इन सभी बिंदुओं पर तत्काल उचित कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, ताकि गंगा का प्रवाह सुचारू हो सके और पुल को शीघ्र शुरू कराकर लोगों की यात्रा को सुगम बनाया जा सके।

### पिलखिनी में कृषि संकल्प यात्रा का आयोजन, किसानों को बांटे गए जैविक उर्वरक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। केंद्र सरकार के कार्यकाल के उपलक्ष्य में जनपद में 5 जून से 21 जून तक चलाए जा रहे समेकित जन कल्याण एवं खेत बचाओ अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न विकास खंडों में जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विकास खंड ऐरायां, भिटौरा और खजुहा के 6 चयनित गांवों रसूलपुर भंडरा, हसनपुर कसार, पिलखिनी, सरैला, मंसूरपुर और बहादुरपुर में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए। भिटौरा ब्लॉक के ग्राम पिलखिनी में आयोजित विकसित कृषि संकल्प यात्रा की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने किसानों से हाईटेक नर्सरी से पौधे लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस नर्सरी के पौधे मिट्टी जनित रोगों से मुक्त और उच्च गुणवत्ता वाले होते हैं। कार्यक्रम में एक कृषक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में नाम की विसंगति का मामला उठाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी 16 जून को विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए, जिसमें राजस्व लेखपाल और पंचायत सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इसी अभियान के तहत प्रयागराज मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक ने ऐरायां ब्लॉक के ग्राम छीमी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने वहां उपस्थित किसानों को मृदा परीक्षण कराने, फार्मर रजिस्ट्री पूरा करने और रासायनिक खादों के स्थान पर संतुलित व जैविक उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## खबर एक नज़र

### फतेहपुर में प्रशासनिक सर्जरी, खान निरीक्षक धीरेंद्र राजभर हटाए गए

- संतकबीर नगर से आ रहे नरेश महतो संभालेंगे कमान

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेश के कई खान निरीक्षकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। शासन द्वारा जारी इस नवीनतम सूची के तहत फतेहपुर जनपद में भी बड़ी सर्जरी की गई है, जिसके तहत यहां तैनात खान निरीक्षक को हटाकर नए अधिकारी की तैनाती की गई है। इस फेरबदल को जनपद में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने की दिशा में शासन का एक बड़ा और कड़ा कदम माना जा रहा है।

आधिकारिक आदेश के मुताबिक, फतेहपुर में लंबे समय से तैनात खान निरीक्षक धीरेंद्र कुमार राजभर का स्थानांतरण गैर-जनपद कर दिया गया है। शासन ने उन्हें अब जनपद श्रावस्ती में खान निरीक्षक के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं दूसरी ओर, धीरेंद्र कुमार राजभर के स्थानांतरण के बाद फतेहपुर में रिक्त हुए पद पर शासन ने संतकबीर नगर में तैनात खान निरीक्षक नरेश कुमार महतो को भेजने का निर्णय लिया है। नरेश कुमार महतो अब फतेहपुर के नए खान निरीक्षक के रूप में जिले की कमान संभालेंगे।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, जनपद में पिछले कुछ समय से अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों और मीडिया में खबरें प्रमुखता से आने के बाद शासन स्तर पर यह सख्त कदम उठाया गया है। नए खान निरीक्षक की तैनाती के बाद अब जिले में अवैध खनन माफियाओं पर पूरी तरह शिकंजा कसने और सरकारी राजस्व को बढ़ाने की बड़ी चुनौती होगी। शासन ने स्थानांतरित सभी अधिकारियों को वर्तमान तैनाती स्थल से कार्यमुक्त होकर तत्काल प्रभाव से अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

### मिलावटखोरों पर कसता शिकंजा, थोक मसाला विक्रेता पर छापा

- भारी मात्रा में एक्सपायर्ड मसाले नष्ट

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जनपद में बड़ी कार्रवाई की है। लखनऊ मुख्यालय के आदेश और जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय बीएस कुशवाहा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक विशेष टीम ने शुक्रवार को मसाले के थोक विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से जांच के लिए कुल 4 नमूने संग्रहित किए और मौके पर पायी गई गड़बड़ियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

विभागीय टीम ने लाला बाजार स्थित नसीम किराना स्टोर पर छापेमारी कर हल्दी पाउडर और मिर्च पाउडर का नमूना लिया। इसके साथ ही मौके पर मौजूद लगभग 13 किलोग्राम संदिग्ध हल्दी व मिर्च पाउडर को सीज कर दिया गया, जबकि बाजार में बिकने के लिए रखे गए करीब 50 किलोग्राम दूषित और एक्सपायर्ड मसालों को मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इसी क्रम में टीम ने नौबाग स्थित यादव किराना स्टोर से धनिया पाउडर और ग्राम बड़नपुर स्थित त्रिवेदी किराना स्टोर से बंधानी हींग का नमूना जांच के लिए अपने कब्जे में लिया।

सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि संग्रहित किए गए सभी 4 नमूनों को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए खाद्य विश्लेषक के पास भेज दिया गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस छापेमारी दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित सहित धीरज कुमार दीक्षित, अनुराधा कुशवाहा, दिनेश चंद्र, देवेश कुमार मिश्रा और सिद्धार्थ कुमार आदि शामिल रहे।

### अजगवां वार्ड हुआ बालश्रम मुक्त, सभासद विवेक सम्मानित

फतेहपुर। विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में फतेहपुर जनपद को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिले के नगर निकाय क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 अजगवां को पूर्ण रूप से बालश्रम मुक्त वार्ड घोषित किया गया, जिसके लिए वहां के वार्ड सभासद विवेक यादव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### साउथ अफ्रीका फतेहपुर और पीजी स्पोर्ट्स जीते

फतेहपुर। बांदा सागर रोड स्थित ग्रीन बॉक्स ग्राउंड पर आयोजित प्रीमियर लीग सीजन-1 के चैथे दिन क्रिकेट प्रेमियों को दो बेहद रोमांचक मैच देखने को मिले। पहले कड़े मुकाबले में साउथ अफ्रीका फतेहपुर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शाइन स्ट्राइकर्स को महज 3 रनों से पराजित किया, जिसमें शानदार ऑलराउंड खेल दिखाने वाले जिया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं दूसरे मैच में पीजी स्पोर्ट्स हाउस-11 ने लाइफ स्टाइल स्ट्राइकर्स को 5 विकेट से करारी शिकस्त दी, जिसमें प्रज्ज्वल सिंह ने 29 रनों की नाबाद पारी और 3 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

### विमान हादसे के मृतकों की स्मृति में युवाओं ने किया रक्तदान

फतेहपुर। अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की स्मृति में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन और मानस रक्त केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के बाद अरविंद तिवारी, धर्मेंद्र यादव, धर्मराज, प्रांशु मौर्य और अनुज कुमार नामक पांच युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। संस्था के पदाधिकारियों ने युवाओं के इस जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई जीवनदान नहीं है।

### महिला सहित 03 ने खाया जहर, एक की मौत

फतेहपुर। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पारिवारिक कलह और मानसिक तनाव के चलते महिला समेत तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। ललौली बाईपास निवासी शारदा देवी और सुल्तानपुर घोष के शुभम सिंह को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, किशनपुर थाना क्षेत्र के लोला बांध गांव निवासी 23 वर्षीय अखिलेश निषाद ने भी जहरीला पदार्थ घटक लिया, जिसे परिजन अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दो सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत, दो गंभीर

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए दो दर्दनाक सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच-2 पर हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी, जिससे मंजू देवी नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज के पास हुआ, जहां एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी मिक्कर मशीन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मशीन ऑपरेटर जय आशीष की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सोशल मीडिया और बच्चे

फायदे भी हैं, दुष्परिणाम भी हैं जिनसे सजग रहने की जरूरत भी है लेकिन यह एक तथ्य है कि दुनिया भर के बच्चों के बीच सोशल मीडिया तेजी के साथ अपनी जगह बनाता जा रहा है। भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का कहना है कि बड़े पैमाने पर इंटरनेट पर बच्चों की उपस्थिति और डिजिटल कनेक्टिविटी के कुछ फायदे हैं लेकिन बच्चों और किशोरों में सोशल मीडिया के इस्तेमाल से जुड़े जोखिम काफी अधिक हैं। कम उम्र के इन उपयोगकर्ता युवाओं की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय अभी भी सीमित हैं। यह बात इस आंकड़े के मद्देनजर और अहम हो जाती है कि इस समय भारत में करीब चालीस करोड़ बच्चे इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया बच्चों और किशोरों की रोजमर्रा की जिंदगी का एक बेहद अहम हिस्सा बन चुका है। देश में छिहत्तर प्रतिशत बच्चे स्मार्ट फोन का इस्तेमाल फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर समय गुजारने के लिए करते हैं। साथ ही नौ से सत्रह साल के उन्चास प्रतिशत बच्चे प्रतिदिन तीन घंटे या इससे अधिक समय इंटरनेट/सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। यह सही है कि नेट और सोशल मीडिया के लाभ हैं जिनसे बच्चों को कई नई जानकारियां मिलती हें लेकिन ज्यादातर मामलों में इसके गंभीर नकारात्मक प्रभाव भी हैं। इसे रोकने के लिए कई देशों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा उपाय अपनाने में काफी तेज गति से काम हो रहे हैं। इसकी ताजा कड़ी मलेशिया के रूप में सामने आई है जहां सोलह वर्ष से कम के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट रखने पर रोक लगाने वाले नियम लागू कर दिए गए हैं। वहां की सरकार का कहना है कि इन उपायों का उद्देश्य बच्चों को हानिकारक सामग्री, ऑनलाइन उत्पीड़न और मंचों की उन विशेषताओं से बचाना है जो इनका अत्यधिक इस्तेमाल करने के लिए बनाई गई हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और इंडोनेशिया सहित कई अन्य देश भी बच्चों की सोशल तक पहुंच को सीमित करने के लिए आयु आधारित प्रतिबंध या शर्तें लागू कर चुके हैं। ये कदम इसलिए सख्ती के साथ उठाए जाने जरूरी हैं क्योंकि कच्ची उम्र में ही इन मंचों पर अपराध, अराजकता, अनैतिकताऔर अश्लीलता का ऐसा संसार सुलभ हो जाता है जिससे भावी दूषित सोच में ढलकर समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। इसके उदाहरण सामने आ भी रहे हैं।

## जरूरी कदम

लखनऊ में ऑटो-टेंपो चालकों की मनमानी अराजकता के खिलाफ कदम उठाया जाना अब आवश्यक हो गया है क्योंकि ये अपनी हदें पार करते जा रहे हैं। इस बारे पुलिस प्रशासन सक्रिय हो रहा है। हजरतगंज चौराहे पर बृहस्पतिवार को एक जांच अभियान में पाया गया कि इन वाहनों में भूसे की तरह सवारियां भरी गई थीं। एक तो इन वाहनों में जगह वैसे ही कम होती है लेकिन कमाई की लालच में ठूंस-ठूंसकर सवारियां भरने का चलन हो गया है। अगर सवारियां इसे लेकर आपत्ति भी करती हैं तो ये चालक उनके साथ निहायत अशिष्टता के साथ बात करते हैं। सवारियों को भी चूंकि अपनी मंजिल तक पहुंचना होता है तो वे मन मारकर वाहन में बैठ जाते हैं। लेकिन इस तरह बैठने में रास्ते भर दुर्घटना का भय बना रहता है और कभी-कभी तो हादसा हो भी जाता है। ऐसी दशा में जरूरी है कि इस पर लगाम लगाई जाए। दरअसल वाहन में क्षमता से अधिक सवारी भरना केवल इसीलिए होता है कि ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाया जा सके। तमाम बड़े वाहन जैसे बसें, जीप टैक्सियां आदि भी यही काम करते हैं। लेकिन छोटे वाहनों में ऐसा किए जाने से सवारियों के लिए खतरा ज्यादा पैदा हो जाता है। इसे तभी रोका जा सकता है जब इनके खिलाफ नियमित रूप से चेकिंग की जाए और गलती मिलने पर कड़े से कड़े दंड भी दिए जाएं। चूंकि ऐसा नहीं होता बल्कि एकाध अभियान चला कर इतिश्री मान ली जाती है तो इन चालकों की हिम्मत बढ़ती जाती है और वे अपने वाहन में सवारियों को ज्यादा से ज्यादा भर लेने को एक चलन बनाकर उसी के अनुसार काम करते रहते हैं। इसे इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि पुलिस के एक ही दिन के अभियान में 125 ऐसे वाहनों को सीज और 1002 वाहनों का चालान किया गया है। जबकि यह केवल एक चौराहे पर ही चला था। सोचिए कि अन्य व्यस्त चौराहों और मार्गों पर क्या हाल होता होगा। अच्छा यह हो कि यातायात पुलिस पूरे शहर में लगातार इस तरह के अभियान चलाती रहे और सख्त सजा देती रहे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**भारत पूरे भरोसे के साथ बढ़ रहा है-पीएम मोदी**
भारतीय रुपया पूरे भरोसे के साथ गिर रहा है!

**कांग्रेस ने राजनीतिक रणनीति पर की गंभीर चर्चा**
टिकट तो दूसरे दलों के भगोड़ों को ही मिलेगा!

**टीएमसी के साथ रहना मेरा फ़र्ज़ -शत्रुघ्न सिन्हा**
इसी वफादारी के साथ तमाम पार्टियां हो गयीं!

**ईरान पर होने वाले अमेरिकी हमले रोके गये-ट्रंप**
अमेरिका ईरान की धींगामुश्ती, इजरायल हैरान!

**अब महिलाओं को कहें नेशन बिल्डर-सुप्रीम कोर्ट**
पुरुष चाहें तो होममेकर के रिक्त पद ग्रहण करें!

**कनाडा में बच्चों के लिये सोशल मीडिया पर बैन**
भारतीय दुधमुंहे रील बनाकर छुट्टियां बिता रहे!

♦♦♦

# भारत-नेपाल रिश्तों में समझदारी जरूरी

**- डॉ. सौरभ**

पिछले दो हफ्तों में नेपाल के सत्तारूढ़ दल आरएसपी, यानी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने तथा उसके बाद विदेश मंत्री शिशिर खनाल की नयी दिल्ली यात्रा दोनों देशों के संबंधों की घनिष्ठता को ही दर्शाती है. नेपाल में जेन-जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में बालेंद्र शाह जवाबदेही और सुशासन को आधार बनाकर अपूर्व जन समर्थन हासिल करते हुए प्रधानमंत्री बने हैं. प्रधानमंत्री द्वारा अपने पार्टी अध्यक्ष तथा विदेश मंत्री को एक के बाद एक नयी दिल्ली भेजना यह इशारा करता है कि भारत के साथ संबंधों को नेपाल एक नयी दिशा देने के लिए बेहद उत्सुक है।

अपने भारत दौरे पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी प्रमुख रवि लामिछाने ने जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकात की, वहीं दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने भी आपसी हितों और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता जतायी. गौरतलब है कि दोनों विदेश मंत्रियों की मुलाकात मॉरीशस में हुए हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान भी हुई थी, जिसमें भारत ने अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत उच्च स्तरीय सहयोग बढ़ाने तथा सहयोग की गति बनाये रखने पर जोर दिया था।

तथ्य यह है कि नेपाल में पिछली कई सरकारों ने सत्ता बचाये रखने के लिए आक्रामक राष्टवाद को अपनी ढाल बनाया तथा कालापानी-लिंपियाधुरा मानचित्र विवाद उभार कर, नेपाली नोटों पर भारतीय क्षेत्रों को दर्शा कर, भगवान राम की जन्मस्थली पर विवाद पैदा कर तथा अग्निवीर योजना आदि पर आक्रामक राजनीतिक राष्ट्रवाद का प्रदर्शन कर दोनों देशों के बीच अविश्वास का वातावरण बनाया. इसका नतीजा यह हुआ कि दोनों तरफ अविश्वास की खाई चौड़ी हुई है. यह उम्मीद करनी चाहिए कि बालेंद्र शाह सरकार आपसी विश्वास और सहमति से इन मुद्दों को सुलझायेगी।

पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध ने भारत और नेपाल में आर्थिक विकास पर भी प्रतिकूल असर डाला है. नेपाल ईंधन आपूर्ति के लिए भारत पर निर्भर है, जबकि आपूर्ति शृंखला में किसी भी प्रकार का व्यवधान मुद्रास्फीति बढ़ाने के साथ-साथ वस्तुओं की लागत को भी प्रभावित करता है. होर्मुज संकट के दौरान भी भारत ने नेपाल को तेल की लगातार आपूर्ति बनाये रखी है. साथ ही, सीमावर्ती इलाकों में नेपाली वाहनों को तेल भी उपलब्ध करा रहा है. यह सहयोग की उस भारतीय प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो कोविड के समय विभिन्न देशों की मदद करते हुए भी दिखाई पड़ी थी।

नेपाल के विदेश मंत्री अगले सप्ताह चीन का दौरा करने वाले हैं. शिशिर खनाल की उस यात्रा को भारत और चीन के साथ संतुलन बनाये रखने की नेपाल की कूटनीतिक कोशिश के रूप में देखा जा रहा है. बालेंद्र शाह सरकार अपनी बुनियादी विकास परियोजनाओं, विशेषकर चीन से जुड़ी परियोजनाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रही है. इनमें से कई परियोजनाएं बेल्ट एंड रोड पहल से जुड़ी हुई हैं, जिसे लेकर भारत ने भी समय-समय पर चिंता जतायी है. गौरतलब है कि नेपाल ने 2017 में चीन के साथ बीआरआइ फ्रेमवर्क पर दस्तखत किये थे. चीन ने दावा किया है कि बीआरआइ के तहत नेपाल में पोखरा, लुंबिनी हवाई अड्डा, वी चेट पे क्रॉस बॉर्डर भुगतान सेवा, काठमांडू-तिब्बत रेलवे आदि पर दोनों देश सहमत हैं. दूसरी ओर, भारत ने अपने क्षेत्र की संवेदनशीलता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लुंबिनी और पोखरा हवाई अड्डों पर हवाई यातायात हेतु अपने वायु सीमा क्षेत्र का उपयोग करने की नेपाली कोशिशों पर सहमति नहीं जतायी है, जो स्वाभाविक ही चीन की उपस्थिति के कारण है।



हम जानते हैं कि चीन की बीआरआइ परियोजना ने, जिनमें सड़कों, जलविद्युत संयंत्रों और व्यापार गलियारों का व्यापक निर्माण शामिल है, वैश्विक स्तर पर विकासशील देशों के समक्ष ऋण जाल का संकट खड़ा किया है. नेपाल में भी चीन अपनी परियोजनाओं द्वारा ऋण जाल फैलाकर उसकी संप्रभुता पर हमला करता है. बालेंद्र शाह सरकार ने इसी बात को ध्यान में रखते हुए 'पारदर्शिता' और 'जवाबदेही' पर जोर दिया है, जिसके तहत मौजूदा समझौतों की गहन जांच शुरू हुई है. परियोजनाओं की समीक्षा दरअसल यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि वे राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हों और वित्तीय बोझ न डालें।

नेपाल भले ही चीन और भारत के साथ संबंधों को संतुलित करना चाहता है, परंतु भारत-नेपाल के मध्य खुली सीमा, आर्थिक अंतर्निभरता, सांस्कृतिक एकात्मकता, भाषायी समरूपता और भौगोलिक जुड़ाव सहयोग और भागीदारी के अनेक द्वार खोलता है. प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेंद्र शाह अभी तक अपने समकक्ष किसी भी नेता से नहीं मिले हैं. उधर पश्चिमी देश, खासकर अमेरिका नेपाल में अपना प्रभाव बढ़ाने की लगातार कोशिशों में है. बालेंद्र शाह ने कूटनीतिक संबंधों और द्विपक्षीय मुद्दों को फिलहाल मंत्रियों और नौकरशाही के स्तर तक ही सीमित रखा है।

उग्र यथार्थवादी हितों वाले वैश्विक दौर में एक युवा नेता के दृष्टिकोण से यह उचित ही है कि वह पहले संवेदनशील मुद्दों पर सभी अनुरूप 'हितों' का आकलन करें और फिर कोई निर्णय लें. नेपाल जैसे देश के लिए यह सतर्क रवैया स्वाभाविक ही है, जिस पर कई देश अपना प्रभाव जमाना चाहते हैं. नेपाल की नयी सरकार भारत के साथ संबंधों को नयी ऊंचाई देने के लिए काफी उत्सुक है, परंतु ठोस प्रगति तो तभी होगी, जब दोनों देश लिये गये निर्णयों पर तेजी से अमल करेंगे।

जहां तक आपसी रिश्तों को बेहतर बनाने की बात है, तो उसमें नेपाल को भारत की संवेदनशीलता और सुरक्षा आवश्यकता का भी ध्यान रखना होगा. भारत हमेशा से ही सीमा से संबंधित मामलों को द्विपक्षीय आधार पर हल करने का पक्षधर रहा है. वह किसी तीसरे देश के हस्तक्षेप को कभी मंजूरी नहीं दे सकता. इस संबंध में अनावश्यक बयानबाजी दोनों देशों के संबंधों में अवरोध पैदा करती रही है. इससे दोनों ही पक्षों को बचना होगा।

संवाद और आपसी समझ के माध्यम से आपसी मतभेद दूर करने के लिए दोनों ही देशों के पास संस्थागत तंत्र मौजूद हैं, जो भौगोलिक-आर्थिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में आपसी सहयोग की नयी कहानी लिख सकते हैं. सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों पक्ष मजबूत राजनीतिक ताकत और इच्छाशक्ति के साथ आपसी संबंधों को नया आयाम देने में सक्षम हैं. उम्मीद करनी चाहिए कि नेपाल के प्रधानमंत्री जल्दी ही भारत की यात्रा पर आयेंगे तथा शताब्दियों पुराने संबंधों को नयी दिशा देंगे, जो आपसी समझ और विश्वास पर आधारित होगा, साथ ही, 'मनभेद' दूर कर जुड़ाव के नये क्षेत्रों को खोलेगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

उदाहरण के लियेः भगवन्! कभी मैंने आपको कृष्ण, यादव और कभी सखा कह दिया था, इसके लिये आप मुझे क्षमा करें। श्रीकृष्ण ने क्षमा भी कियाः क्योंकि अर्जुन की प्रार्थना स्वीकार कर वे सौम्य स्वरूप में आ गये, धीरज बँधाया। मन वस्तुतः कृष्ण कहना अपराध नहीं था। वे साँवले थे ही. गोरे कैसे कहलाते । यदुवंश में जन्म हुआ ही था। श्रीकृष्ण स्वयं भी अपने को सखा मानते ही थे। वास्तव में प्रत्येक साधक महापुरुष को पहले ऐसा ही समझते हैं। कुछ उन्हें रूप और आकार से सम्बोधित करते हैं. कुछ उनकी वृत्ति से उन्हें पुकारते हैं और कुछ उन्हें अपने ही समकक्ष मानते हैं, उनके यथार्थ स्वरूप को नहीं समझते। उनके अचिन्त्य स्वरूप को अर्जन ने समझा तो पाया कि ये न तो काले हैं और न गोरे, न किसी कुल के हैं और न किसी के साथी ही हैं। इनके समान कोई है ही नहीं, तो सखा कैसा? बराबर कैसा? यह तो अचिन्त्य स्वरूप हैं। जिसे यह स्वयं दिखा दें, वही इन्हें देख पाता है। अतः अर्जुन ने अपनी प्रारम्भिक भूलों के लिये क्षमायाचना की।

प्रश्न उठता है कि जब कृष्ण कहना अपराध है, तो उनका नाम जपा कैसे जाय? तो जिसे योगेश्वर श्रीकृष्ण ने जपने के लिये स्वयं बल दिया, जपने की जो विधि बतायी, उसी विधि से आप चिन्तन-स्मरण करें। वह है-'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।'- 'ओम्' अक्षय ब्रह्म का पर्याय है। 'ओ अहम् स ओम्'- जो व्याप्त है वह सत्ता मुझमें छिपी है, यही है ओम् का आशय। आप इसका जप करें और ध्यान मेरा करें। रूप अपना, नाम ओम् का बताया।

अर्जुन ने प्रार्थना की कि चतुर्भुज रूप में दर्शन दीजिये। श्रीकृष्ण ने उसी सौम्य स्वरूप को धारण किया। अर्जुन ने कहा- भगवन् ! आपके इस सौम्य मानव स्वरूप को देखकर अब मैं प्रकृतिस्थ हुआ। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**तृणं ब्रह्मविदः स्वर्गस्तृणं शूरस्य जीवितम्।**
**जिताशस्य तृणं नारी निःस्पृहस्य तृणं जगत्।।**

विदेश जाने वालों का सच्चा मित्र विद्या है, अपने घर में रहने वालों की मित्र उनकी पत्नी है, रोगी व्यक्तियों का मित्र औषध है और मरने वालों का मित्र उनका धर्म है।

♦♦♦

# क्षेत्रीय दलों के सामने अस्तित्व का संकट



**- डॉ. चन्द्र किशोर शर्मा**

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में संभावित असंतोष और सांसदों के दल-बदल की चर्चाओं ने न केवल ममता बनर्जी की राजनीतिक चुनौतियों को उजागर किया है, बल्कि देश के क्षेत्रीय दलों के भविष्य पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

हाल के दिनों में यह चर्चा तेज हुई है कि टीएमसी के कुछ सांसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर रुख कर सकते हैं। इन अटकलों की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि टीएमसी के भीतर असंतोष की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। इसके पीछे परिवारवाद के आरोप, विभिन्न नेताओं पर चल रही जांच एजेंसियों की कार्रवाई, 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर अनिश्चितता तथा सरकार और संगठन के बीच बढ़ती दूरी जैसे कारण बताए जा रहे हैं।

ममता बनर्जी ने 2011 में 34 वर्षों से सत्ता में रही वामपंथी सरकार को पराजित कर बंगाल की राजनीति में नया अध्याय लिखा था। किंतु अब वही पार्टी संगठनात्मक चुनौतियों का सामना कर रही है। राजनीतिक इतिहास बताता है कि जब किसी दल में कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं और नेतृत्व की प्राथमिकताओं के बीच दूरी बढ़ने लगती है, तब टूट की आशंकाएं भी बढ़ जाती हैं। यदि भविष्य में टीएमसी के कुछ सांसद वास्तव में एनडीए का दामन थामते हैं जैसा कि तकरीबन सम्भावित है, तो इसका प्रभाव केवल बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा। इससे राष्ट्रीय राजनीति का समीकरण भी प्रभावित होगा। भाजपा को संसद में अतिरिक्त मजबूती मिल सकती है और विपक्षी एकता के दावों को झटका लग सकता है। साथ ही यह संदेश भी जाएगा कि क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक पकड़ पहले जैसी मजबूत नहीं रह गई है। हालांकि राजनीति केवल नेताओं के आने-जाने से तय नहीं होती। बंगाल ने 2021 के विधानसभा चुनाव में यह दिखाया था कि मजबूत जनाधार और प्रभावी नेतृत्व कई बार राजनीतिक समीकरणों को पलट सकता है। उस समय भी टीएमसी के टूटने और भाजपा के तेजी से उभरने की चर्चाएं थीं, लेकिन जनता ने ममता बनर्जी को भारी बहुमत दिया। इसलिए किसी भी राजनीतिक निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले मतदाता की भूमिका को समझना आवश्यक है। दरअसल, यह संकट केवल टीएमसी का नहीं है।

देश के अनेक क्षेत्रीय दल समान चुनौतियों से जूझ रहे हैं। कहीं परिवारवाद के आरोप हैं, कहीं नेतृत्व का केंद्रीकरण, तो कहीं कार्यकर्ताओं की उपेक्षा। कई दलों में संगठनात्मक लोकतंत्र कमजोर हुआ है और निर्णय कुछ व्यक्तियों तक सीमित होकर रह गए हैं। ऐसे में सत्ता से बाहर होते ही असंतोष सतह पर आने लगता है। इस पूरे घटनाक्रम से क्षेत्रीय दलों के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में संभावित असंतोष और सांसदों के दल-बदल की चर्चाओं ने न केवल ममता बनर्जी की राजनीतिक चुनौतियों को उजागर किया है, बल्कि देश के क्षेत्रीय दलों के भविष्य पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। हाल के दिनों में यह चर्चा तेज हुई है कि टीएमसी के कुछ सांसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर रुख कर सकते हैं। इन अटकलों की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि टीएमसी के भीतर असंतोष की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। इसके पीछे परिवारवाद के आरोप, विभिन्न नेताओं पर चल रही जांच एजेंसियों की कार्रवाई, 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर अनिश्चितता तथा सरकार और संगठन के बीच बढ़ती दूरी जैसे कारण बताए जा रहे हैं।

सच्चाई यह है कि अंतिम फैसला जनता के हाथ में होता है। बंगाल की जनता ने अतीत में कई बार राजनीतिक धारणाओं को गलत साबित किया है। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि किसी दल का भविष्य तय हो चुका है।

फिर भी इतना अवश्य कहा जा सकता है कि यदि क्षेत्रीय दल अपने संगठन, कार्यकर्ताओं और जनता के साथ संवाद बनाए रखने में विफल रहते हैं, तो आने वाले वर्षों में



राजनीतिक संगठन केवल चुनावी मशीन नहीं होते। उनकी ताकत कार्यकर्ताओं, जनविश्वास और सामाजिक सरोकारों से आती है। यदि कोई दल इन मूल आधारों से दूर हो जाता है तो उसका जनाधार धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। फिलहाल टीएमसी की संभावित टूट को लेकर अनेक दावे और प्रतिदावे सामने हैं, लेकिन राजनीति की सबसे बड़ी भारतीय राजनीति का स्वरूप तेजी से बदल सकता है। टीएमसी को लेकर उठ रही चर्चाएं उसी परिवर्तन की संभावित आहट के रूप में देखी जा रही हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### स्वर्ग- नरक

शास्त्रों में निपुण, प्रसिद्ध ज्ञानी एवं प्रख्यात संत श्री देवाचार्य के शिष्य का नाम महेन्द्रनाथ था। एक शाम महेन्द्रनाथ अपने साथियों के साथ उद्यान में टहल रहे थे। और आपस में वे किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। चर्चा का विषय था- स्वर्ग-नरक। किसी एक साथी ने महेन्द्रनाथ से पूछा- क्यों मित्र! क्या मैं स्वर्ग जाऊंगा?

महेन्द्रनाथ ने उत्तर देते हुए कहा- जब मैं जायेगा, तभी आप स्वर्ग जाओगे। उसके मित्र ने सोचा कि महेन्द्रनाथ को अभिमान हो गया है और सारे मित्रों ने मिलकर महेन्द्रनाथ की शिकायत अपने गुरु श्री देवाचार्य से कर दी। गुरुदेव को पता था कि उनका शिष्य महेन्द्रनाथ न केवल निरहंकारी है बल्कि अल्प शब्दों में गंभीर ज्ञान की बातें बोलने वाला है।

**महेन्द्रनाथ ने उत्तर देते हुए कहा- जब मैं जायेगा, तभी आप स्वर्ग जाओगे। उसके मित्र ने सोचा कि महेन्द्रनाथ को अभिमान हो गया है और सारे मित्रों ने मिलकर महेन्द्रनाथ की शिकायत अपने गुरु श्री देवाचार्य से कर दी।**

उन्होंने महेन्द्रनाथ को बुलाकर इस घटना के बारे में पूछा, और उसने अपना सिर हिलाकर इस बात की पुष्टि की। अन्य शिष्यों में इस घटना को देखने के बाद कानाफूसी शुरू हो गयी। श्री देवाचार्य ने मुस्कुराते हुए दोबारा वही प्रश्न पूछा- अच्छा ये बताओ महेन्द्रनाथ! क्या तुम स्वर्ग जाओगे? महेन्द्रनाथ ने कहा- गुरुदेव! जब मैं जायेगा, तभी तो मैं स्वर्ग जा पाउँगा।

## आपका पत्र मिला

### 'रामजी का खेत खाओ भर-भर पेट'

राम मंदिर में 7 करोड़ के गबन के आरोप और उसकी पीएमओ द्वारा जांच के आदेश दर्शा रहे हैं कि जरूर कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर हुई होगी राम मंदिर के चढ़ावे की हेरा-फेरी. क्योंकि वहां के स्टाफ पर संतों द्वारा भी आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं. संतों को राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता वे उपदेशक और धार्मिक कार्यों और भगवान् की सेवा में ही मगन रहते हैं इसलिए वे सच ही बोल रहे होंगे।

हालांकि गबन के गंभीर मामले में पीएमओ ने जांच के आदेश दिए हैं तब यह जांच का विषय है और जांच पूरी होने पर ही सही स्थिति सामने आ सकेगी।

अगर गबन के आरोप लग रहे हैं तब इसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है. क्योंकि इसमें करोड़ों धर्म-प्राण श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है. भगवान् श्री राम मर्यादा का सन्देश देते हैं और वहां राजस्व का कार्य अमर्यादित हो शोभा नहीं देता।

अगर किसी ने मंदिर के चढ़ावे की चोरी की है तो उसे सख्त सजा दी जानी चाहिए। ताकि भविष्य में किसी भी धार्मिक स्थल पर धन-चोरी या इससे सम्बंधित जिम्मेदार व्यक्तियों पर आरोप न लगने पाए और न ही किसी तरह से धर्मस्थल कलंकित होने पाए. ऐसे कलंकित रामजी का खेत खाओ भर-भर पेट कहावत चरितार्थ करने वाले और जो देते हैं भगवान् को धोखा इंसान को क्या छोड़ेंगे जैसी अपशिष्ट नियत रखने वाले लोगों को शीघ्र हटा दें और ईमानदार लोगों को जिम्मेदारी सौंपें सरकार।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है गर्मी, ऐसे करें बचाव



बच्चों के लिए गर्मियों का मौसम सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण माना जाता है। क्योंकि बच्चे का शरीर बड़े लोगों की तुलना में तापमान को जल्दी कंट्रोल नहीं कर पाता है। बढ़ता तापमान, तेज धूप और लू की वजह से बच्चे में हीट स्ट्रोक का खतरा तेजी से बढ़ता है। हीट स्ट्रोक एक ऐसी गंभीर स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान अचानक से ज्यादा हो जाता है। वहीं अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। छोटे बच्चों में कमजोरी, डिहाइड्रेशन, तेज बुखार, चक्कर आना, बेहोशी जैसी लक्षण जल्दी दिखाई दे सकते हैं। ऐसे में माता-पिता को एक्स्ट्रा सतर्क रहने की जरूरत होती है। वहीं कुछ आसान लेकिन जरूरी सावधानियां अपनाकर बच्चे को हीट स्ट्रोक और गर्मी के खतरे से सेफ रख सकते हैं।

**पर्याप्त पानी दें**

गर्मी में बच्चे को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। क्योंकि पसीने के रूप में शरीर से पानी तेजी से निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। बच्चे को नारियल पानी, छाछ, ORS और घर पर बना नींबू पानी पीना चाहिए। यह शरीर में जरूरी मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट्स बनाए रखता है। छोटे बच्चों को बाहर से खेलने के बाद फौरन पानी देना चाहिए।

**दोपहर की धूप में न निकलने दें**

बच्चे को दोपहर में घर से न निकले दें, क्योंकि इस दौरान तापमान ज्यादा होता है। वहीं इस दौरान लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बच्चे को बाहर धूप में खेलने या घूमने न भेजें। अगर बच्चे का बाहर जाना जरूरी है, तो उसको छांव में रखें और ज्यादा देर धूप में न रहने दें।

**सूती और हल्के कपड़े पहनाएं**

बच्चे को गर्मियों में हमेशा सूती और ढीले कपड़े पहनाने चाहिए। सूती कपड़े आसानी से पसीना पोंछ लेते हैं और शरीर को ठंडा रखने में सहायता करते हैं। ज्यादा टाइट कपड़े या सिंथेटिक कपड़े पहनने से बच्चे को खुजली, घमौरियां और बेचैनी हो सकती है।




**तली-भुनी चीजें कम दें**

गर्मियों के मौसम में बच्चों का पाचन तंत्र जल्दी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में बच्चे को ज्यादा तला भुना, जंक फूड और मसालेदार खाना देने से उसका पेट खराब हो सकता है, साथ ही शरीर में गर्मी बढ़ने की समस्या हो सकती है। बच्चे को दही, सलाद, ताजे फल, खिचड़ी और हल्का घर का बना खाना देना ज्यादा फायदेमंद रहता है।

**कैप और छाते का इस्तेमाल**

जब भी बच्चे को बाहर ले जाए, तो उसको कैप या छाता जरूर दें। जिससे कि धूप सिर और चेहरे पर सीधे न पड़े। तेज धूप से बच्चे को बचाने के लिए सनग्लास का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इन उपायों से बच्चों को गर्मी और UV किरणों के नुकसान से बचाया जा सकता है।

**शरीर को ठंडा रखें**

गर्मियों में घर का तापमान सामान्य रखना जरूरी होता है। कमरे में एसी, कूलर या पंखे का इस्तेमाल करें। लेकिन बच्चे को बहुत ज्यादा बंद या गर्म जगह पर न रहने दें। वहीं बच्चे को समय-समय पर ठंडे पानी से हाथ-पैर और चेहरा धुलवाएं। इससे भी उसको राहत मिलेगी।

**हीट स्ट्रोक के लक्षण**

अगर बच्चे को चक्कर आना, कमजोरी, उल्टी, सिरदर्द, बेहोशी या तेज बुखार आने जैसी समस्या हो रही है। तो यह हीट स्ट्रोक का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में बच्चे को फौरन ठंडी जगह पर ले जाएं, शरीर को ठंडा करें और बिना किसी देरी के डॉक्टर से संपर्क करें। क्योंकि सही समय पर सही इलाज मिलने से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

## क्यों भटकता है बच्चे का पढ़ाई से ध्यान



बच्चों का पढ़ाई में ध्यान न लगना एक आम समस्या है, जिससे अधिकतर माता-पिता जूझते हैं। इसका कारण सिर्फ आलस्य या लापरवाही ही नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक कारण भी हो सकते हैं। अगर आपके बच्चे का भी पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। बस सही वजह पहचानिए और हल निकालिए। आइए जानते हैं इसके मुख्य कारण और प्रभावी समाधान

**1. ध्यान भटकना**

आज के दौर में बच्चों का ध्यान भटकना बहुत सामान्य है। मोबाइल, टीवी, वीडियो गेम और सोशल मीडिया जैसी चीज़ें उनके लिए ज़्यादा आकर्षक हो सकती हैं। अगर पढ़ाई का माहौल अनुकूल न हो, तो ध्यान केंद्रित करना और भी मुश्किल हो जाता है।

**समाधान-**

बच्चे के लिए एक शांत और व्यवस्थित माहौल तैयार करें। पढ़ाई के दौरान मोबाइल और टीवी से दूरी बनाएं। छोटे-छोटे ब्रेक देकर पढ़ाई को बोझ न बनने दें। पढ़ाई को रुचिकर बनाने के लिए खेल-खेल में सिखाएं।

**2. आत्मविश्वास की कमी**

अगर बच्चा बार-बार असफल हो रहा है, तो उसका आत्मविश्वास कमजोर हो सकता है। उसे यह लगने लगता है कि वह पढ़ाई में कमजोर है और उसके भीतर एक नकारात्मक सोच पैदा हो सकती है।

**समाधान :** बच्चे की हर छोटी-छोटी उपलब्धि पर उसकी तारीफ करें। कठिन विषयों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर पढ़ाएं। उसे यह समझाएं कि गलती करना भी सीखने का हिस्सा है। उसे छोटे लक्ष्य देकर सफलता के प्रति उत्साहित करें।

**3. शारीरिक थकान या नींद की कमी**

अगर बच्चा पर्याप्त नींद नहीं ले रहा है या बहुत थका हुआ है, तो उसका दिमाग कमजोर महसूस करेगा। इससे उसकी एकाग्रता और सीखने की क्षमता प्रभावित होगी।

**समाधान**

बच्चे को हर दिन कम से कम 8-10 घंटे की नींद लेने के लिए प्रेरित करें। खेल और शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। पढ़ाई के बीच-बीच में छोटे ब्रेक लें ताकि दिमाग को आराम मिले।

**4. गलत पढ़ाई का तरीका**

हर बच्चे का सीखने का तरीका अलग होता है। अगर बच्चा रटने की कोशिश कर रहा है या उसे पढ़ाई के तरीके में रुचि नहीं मिल रही है, तो वह जल्दी ऊब सकता है।

**समाधान**

बच्चे के सीखने के तरीके (दृश्य, श्रवण या प्रायोगिक) को समझें। खेल-खेल में पढ़ाई करवाएं जैसे कि फ्लैश कार्ड, क्विज या स्टोरी टेलिंग। कठिन विषयों को आसान भाषा में समझाएं। पढ़ाई को रोचक और व्यावहारिक बनाएं।

## हर वक्त बच्चों की मदद करना कहीं उनकी ग्रोथ तो नहीं रोक रहा?

*अक्सर प्यार में हम बढ़ते बच्चों का हर काम कर देते हैं और उनकी सुविधा के लिए उनका हर संभव प्रयास हम बिना बोले करते जाते हैं। कई बार हम उन्हें प्रॉब्लम से बचाने के लिए वह बातें भी सिखाना शुरू कर देते हैं, जो शायद वे अपने एक्सपीरियंस से खुद सीख सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि अगर आप उन्हें हर बात न सिखाएं और खुद अपनी समस्याओं का हल निकालने दें, तो इससे उन्हें क्या फायदा मिलेगा और उनकी पर्सनैलिटी डेवलपेंट पर क्या असर पड़ेगा? जानिए फायदे।*



-जब बच्चे समस्याओं का समाधान खुद खोजते हैं, तो उनके अंदर आत्मनिर्भरता का विकास होता है। इसलिए उन्हें अपने तरीके से चीजों को आजमाने का अवसर दें, जिससे वे अपने निर्णय खुद ले सकें।
-बच्चों को यह समझने का मौका दें कि उन्हें अपने विचारों पर विश्वास करना चाहिए। इससे उनकी सोचने और तर्क करने की क्षमता बढ़ती है। मसलन, अगर वे पजल नहीं सॉल्व कर पा रहे तो खुद बना देने के बजाय उन्हें हिंट्स दें। -जब बच्चे अपने निर्णय खुद लेते हैं और उनके परिणामों का सामना करते हैं तब वे जिम्मेदार बनते हैं। उन्हें अपनी गलती से सीखने दें, जिससे वे भविष्य में और बेहतर निर्णय ले सकें। -बच्चों की जिज्ञासा को जीवित रखना जरूरी है। अगर वे कुछ पूछें तो तुरंत जवाब देने से बेहतर होगा कि उन्हें उस विषय पर सोचने और और जवाबों की खोज करने के लिए मोटिवेट करें। जिससे नए विषयों और अवधारणाओं के प्रति रुचि विकसित कर सकें। -यह बात समझने का प्रयास करें कि जब बच्चे समस्याओं का सामना करते हैं, तो उन्हें सही समाधान ढूंढने का अवसर मिलता है। इसलिए अपनी बातें या समझ उन पर थोपने की बजाय बिना किसी हस्तक्षेप के उन्हें चुनौती का सामना करने दें। -उन्हें सीखने के प्रोसेस में जानें दें। बच्चों को समय दें कि वे सीखें और अभ्यास करें। अगर आप उन्हें जल्दी करने की सलाह देंगे तो वे अपने अनुभवों से सीख नहीं सकेंगे। -जब बच्चे खुद समाधान खोजते हैं, तो उन्हें सेल्फ मोटिवेशन मिलता है। यह उन्हें आत्म-सम्मान और संतोष प्रदान करता है। इस तरह वे हाइपर एक्टिविटीज से दूर रहते हैं और शांति से अपना काम करते हैं। इन बातों को ध्यान में रखें तो बच्चे अच्छी सोच समझ रखने वाले, प्रॉब्लम सॉल्वर और सक्रिय इंसान बनते हैं। अपने बच्चों को स्वतंत्रता दें, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

## बाएं हाथ का इस्तेमाल करने वाले बच्चों के अनोखे फायदे



अक्सर आपने देखा होगा कि कुछ बच्चे लेफ्ट हैंडेड होते हैं, यानी वे सभी दैनिक काम बाएं हाथ से ही करना पसंद करते हैं। यह उनकी निजता का एक स्वाभाविक हिस्सा होता है और एक सामान्य प्रक्रिया भी। मगर कई माता-पिता को यह चिंता रहती है कि इससे बच्चे का विकास अवरुद्ध हो सकता है या समाज उसे स्वीकार नहीं करेगा।

**लड़कियों की तुलना में लड़के ज्यादा :** बच्चों के लेफ्ट हैंडेड होने के पीछे कुछ जेनेटिक कारण तो होते ही हैं, साथ में लो बर्थ वेट भी इसका एक बड़ा कारण है। 144 बच्चों पर किए गए मेटा एनालिसिस और ब्रेन लेट्रेलिटी स्टडी के अनुसार, लड़कियों की तुलना में लड़के अधिक लेफ्ट हैंडेड होते हैं। कई मामलों में बच्चे अपने माता-पिता या पसंद के किसी व्यक्ति को देखकर भी लेफ्ट हैंडेड हो जाते हैं। वहीं लर्निंग और सामाजिक माहौल भी लेफ्ट हैंडर होने में अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि कुछ बच्चे सीखने की प्रक्रिया में ही किसी एक हाथ का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं और राइट या लेफ्ट हैंडेड बन जाते हैं।

**कितनी चिंता की बात :** अगर बच्चा सारे काम बाएं हाथ से करता है तो यह सामान्य है और कोई चिंता की बात नहीं है। लेफ्टी होना सिर्फ एक व्यक्तिगत विशेषता है और अगर बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सामान्य है तथा उसे कोई अन्य समस्या नहीं हो रही है तो आपको इसके बारे में ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

**कुशाग्र बुद्धि :** माना जाता है कि लेफ्ट हैंडेड बच्चे बेहद कुशाग्र बुद्धि होते हैं। संगीत और गणित विषयों में काफी बुद्धिमान होते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये मस्तिष्क के सीधे हेमिस्फीयर का इस्तेमाल करते हैं, जहां सभी क्रिएटिव सेंटर्स मौजूद होते हैं। साथ ही इनकी मेमोरी भी काफी अच्छी होती है, क्योंकि इनके दोनों हेमिस्फीयर अच्छी तरह कनेक्ट होते हैं।

**खास परवरिश :** चूंकि ऐसे बच्चे बहुत क्रिएटिव होते हैं, लिहाजा आप उनकी रुचियों को जानें और उन्हें प्रोत्साहित करें। आप उन्हें लेफ्ट की जगह राइट हैंड का इस्तेमाल करने के लिए जबरदस्ती न करें। इससे बच्चे का न्यूरल सरक्यूटरी प्रभावित हो सकता है और आगे चलकर वे दोनों हाथों में से किसी एक का भी ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं।

## बच्चों में कैसे डालें सेहतमंद लाइफस्टाइल की बुनियाद?



हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनके बच्चे सेहतमंद और बीमारियों से दूर रहें। इसके लिए उनकी लाइफस्टाइल में व्यायाम, खेलकूद, भरपूर नींद और एक हेल्दी माहौल का होना जरूरी होता है। अगर आप जागरूक पैरेंट हैं तो यह भी जरूरी है कि आप अपने बच्चों को हेल्दी हैबिट सिखाएं, जिससे वे बीमारियों से खुद को बचा सकें। इन आदतों की मदद से वे घर के बाहर भी अपना ख्याल रख सकेंगे और स्वस्थ रहेंगे। इस तरह आप भी चिंता से दूर रहेंगे। आइए जानते हैं कि बच्चों को कौन सी अच्छी आदतें जरूर सिखा देनी चाहिए।

**हेल्दी फूड की आदत**

बच्चों के बेहतर विकास के लिए बैलेंस्ड डाइट का होना बहुत ही जरूरी है। इससे उनकी इम्यूनिटी अच्छी रहती है और वे बीमार भी कम पड़ते हैं इसलिए उनकी डाइट से प्रॉसेस्ड फूड, अत्यधिक सोडियम, कैलोरी और बैड फैट को जहां तक हो सके दूर रखें। इसके बदले उनके आहार में प्रोटीन, सब्जियां, दूध, ताजे फल, साबुत अनाज आदि को शामिल करें।

**अधिक मीठी चीजों से रखें दूर**

अधिक मीठी चीजों के सेवन से इम्यूनिटी बिगड़ती है और दांत भी खराब होते हैं। इसलिए बच्चों को कोल्ड ड्रिंक्स, केक, चॉकलेट आदि का चस्का ना लगाएं। यह बाद में डायबिटीज या अन्य बीमारी की वजह बन सकता है। यही नहीं, शरीर में कैल्शियम का अब्जॉर्प्शन भी कम हो जाता है।

**ओवर ईटिंग से बचाएं**

बच्चों को हम हेल्दी बनाने के लिए ओवर ईटिंग कराना चाहते हैं। लेकिन बेहतर होगा कि आप उनके डाइट को 3 से बढ़ाकर 5 या 6 करें। ऐसा करने से उनका डायजेशन भी अच्छा होगा और उन्हें भूख भी लगेगी। वे ओवर वेट की समस्या से भी बचे रहेंगे।

**एक्टिव रहने की आदत डालें**

जहां तक हो सके बच्चों को आउटडोर रखें और तरह तरह के खेलकूद में डालें। ऐसा करने से कई फायदा मिलेगा। वे हेल्दी और मजबूत तो रहेंगे ही, टीवी और कंप्यूटर से भी दूर रहेंगे। इसके अलावा, मेंटली भी वे स्ट्रॉन्ग बनेंगे।

**पर्याप्त नींद जरूरी**

बच्चों के लिए पूरी नींद लेना भी बहुत ही जरूरी होता है। इसलिए उन्हें सही समय पर सोने और जागने की आदत जरूर डालें। ऐसा करने से वे दिनभर फ्रेश रहेंगे और इससे उनका विकास भी तेजी से होगा। उनकी इम्यूनिटी भी अच्छी रहेगी।

**हाथ धोकर खाना**

बच्चों को जब भी खाना दें तो उन्हें साफ हाथ से खाने की आदत दिलाएं। ऐसा करने से वे संक्रमण से बचे रहेंगे। बेहतर हाइजीन के लिए बच्चों में ये आदत जरूर डालें। ऐसी आदतें बच्चों को बीमारियों से बचाकर रखती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### शनिवार, 13 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे त्रयोदशी तिथौ शनि वासरे 16/08/ कृत्तिका नक्षत्रे 25/17/ सुकर्मा योग 17/29/ गर करणे 05/56/ वृष राशिगत चन्द्रमा 09 घं. 26 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं. 16 मि. 08 से घं. 26 मि. 14 तक। मासिक शिवरात्रि।

**मेष :** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स सट्टा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने से हर्ष होगा।

**कर्क :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**सिंह :** किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए सट्टा लाटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आर्थिक लेन-देन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन :** आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

## स्मार्टफोन और स्क्रीन टाइम बिगाड़ रहे हैं बच्चों की नजर

आजकल बच्चों के नजरों की सेहत पर असर डालने वाली कई आदतें आम हो गई हैं। बदलते समय के साथ बच्चों की लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, जो उनकी आंखों की सेहत पर असर डाल रहा है। लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर, और टीवी की स्क्रीन के सामने बैठना, सही आहार न लेना और नींद की कमी जैसी आदतें बच्चों की आंखों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। लेकिन अगर कुछ सरल कदम उठाए जाएं, तो बच्चों की नज़रों को सुरक्षित रखा जा सकता है और उन्हें चश्मा लगाने से बचाया जा सकता है।आइए जानते हैं वे 8 आदतें, जो बच्चों की आंखों के लिए खतरनाक हो सकती हैं, और साथ ही हम कुछ आसान तरीके भी जानेंगे, जिससे बच्चों की नजरों की सुरक्षा की जा सकती है।

**लंबे समय तक मोबाइल या स्क्रीन का इस्तेमाल :** बच्चों की सबसे बड़ी आदत, जो उनकी आंखों के लिए खतरनाक हो सकती है, वह है लंबे समय तक मोबाइल, लैपटॉप या टीवी पर स्क्रीन देखना। इससे आंखों पर दबाव पड़ता है, जिससे नजर कमजोर हो सकती है। यह ब्लू लाइट की वजह से आंखों की पुतली पर असर डालता है और नजर में समस्या पैदा कर सकता है। क्या करें? बच्चों को स्क्रीन टाइम को सीमित करें। 20-20-20 नियम अपनाएं हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए किसी दूर की चीज को देखें, ताकि आंखों को आराम मिले।

**अंधेरे में पढ़ाई या स्क्रीन देखना :** अगर बच्चे अंधेरे में पढ़ाई करते हैं या मोबाइल और टीवी स्क्रीन देखते हैं, तो उनकी आंखों पर ज्यादा तनाव पड़ता है। इससे आंखों में जलन, दर्द, और थकान हो सकती है। क्या करें? बच्चों को पर्याप्त रोशनी में पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें। हमेशा कमरे में हल्की रोशनी रखें जब बच्चे स्क्रीन का इस्तेमाल करें।

**खराब आहार :** बच्चों का आहार उनकी आंखों की सेहत को प्रभावित करता है। अगर बच्चे सही पोषक तत्वों का सेवन नहीं करते, जैसे कि विटामिन, ष्ट, और ओमेगा-3, तो उनकी आंखों की सेहत पर असर पड़ सकता है। क्या करें? बच्चों को हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, टमाटर, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर आहार दें। फलों और सब्जियों का सेवन बढ़ाएं, जिससे उनकी आंखों की सेहत में सुधार हो।

**पर्याप्त नींद न लेना :** नींद की कमी से बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ सकता है। जब शरीर और आंखें पूरी तरह से आराम नहीं करतीं, तो उनकी नजर कमजोर हो सकती है और उनकी आंखों में सूजन और जलन हो सकती है। क्या करें? बच्चों को रोज 8-10 घंटे की नींद लेने के लिए प्रेरित करें। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल कम करें, ताकि उनकी नींद पर कोई असर न पड़े।

**पानी की कमी :** आंखों को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अगर बच्चों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो उनकी आंखों में सूखापन हो सकता है, जिससे नजर कमजोर हो सकती है। क्या करें? बच्चों को नियमित रूप से पानी पीने के लिए कहें। पानी के अलावा, उनके आहार में पानी वाली चीजों जैसे खीरा, तरबूज, और नारियल पानी शामिल करें।

**धूप में बिना चश्मे के बाहर जाना :** बच्चे अक्सर बिना धूप का चश्मा पहने बाहर खेलते हैं। सूरज की तेज रोशनी में आंखों में जलन और नजर की समस्या हो सकती है। क्या करें? बच्चों को धूप में बाहर जाते समय हमेशा सनग्लासेस पहनने के लिए कहें। उन्हें धूप में अधिक समय तक न रहने के लिए भी समझाएं।

**आंखों की सफाई न करना :** बच्चों के आंखों को साफ रखना बहुत जरूरी है। अगर वे अपनी आंखों को बार-बार हाथों से छूते हैं, तो उनकी आंखों में बैक्टीरिया और गंदगी जा सकती है, जिससे संक्रमण हो सकता है। क्या करें? बच्चों को आंखों को हाथों से न छूने की आदत डालें। आंखों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए उन्हें आंखों को धोने के लिए कहें।

# जालौन ललितपुर, झांसी

### कूड़ा डालकर अतिक्रमण कर रहे लोगों के खिलाफ की शिकायत'

कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम पिरोना निबासी राम दयाल पुत्र हरदास ने दिन शुक्रवार को जन सुनवाई संख्या 40016526010369 पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे पड़ोसी राजेन्द्र पुत्र लल्लू व अन्य लोग अपने घर का कूड़ा गोबर डालकर कब्जा कर रहे हैं जब मैने उक्त लोगों को साफ सफाई के बास्ते मना किया तो वह मान नहीं रहे हैं रामदयाल ने अधिकारी से अतिक्रमण कर रहे।लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने लिये खाद्य पदार्थो के नमूने



ललितपुर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश के क्रम में खाद्य पदार्थ मसाले पर चलाए गए अभियान के अंतर्गत खुशीपुरा जाखलौन स्थित रिया गोल्ड मसाले प्रो. राम कुमार साहू के प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही की गई व प्रतिष्ठान मे रखे हल्दी धनिया मिर्च पाउडर के एक एक नमूने कुल तीन नमूने संग्रहित कर 13 किलो हल्दी मूल्य 2600 रुपए, 200 किलो धनिया पाउडर मूल्य 30000 रुपये एवं 45 किलो मिर्च पाउडर मूल्य 11250 रुपए को सीज किया गया व खाद्य कारोबारकर्ता से लाइसेंस, पंजीकरण मांगने पर उसके पास वैध लाइसेंस, पंजीकरण नहीं पाया गया व खाद्य कारोबारकर्ता के पास 25 बोरी कुल लगभग 625 किलो पैकिंग सामग्री प्राप्त हुई जिसे सीज कर दिया गया व खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा बताया गया कि वह ललितपुर से मसाले पिसवाकर अपने घर में पैक करता है किन्तु उसके पास खुदरा व्यवसाय का पंजीकरण था जिसके कारण उसका व्यवसाय लाइसेंस, पंजीकरण प्राप्त होने तक बंद करा दिया गया व जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस निरंजन, नागेंद्र कुमार सम्मिलित रहे।

विकास खंड बार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में माँ की स्मृति में बजाज एनर्जी के ई.डी. अजय कुमार पांडेय ने किया वॉटर कूलर दान
मानव सेवा ही नारायण सेवा है.-अजय

### माँ की स्मृति में लगवाया वॉटर कूलर



ललितपुर। बजाज पावर प्लांट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अजय कुमार पांडे ने ललितपुर जनपद के ब्लॉक बार में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी माता जी की स्मृति में एक वॉटर कूलर दान किया व कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अजय कुमार पांडेय ने बार विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने वहां की समस्याओं का संज्ञान लिया व मरीजों व स्टाफ को फल व मिठाइयाँ दीं व उन्होंने कुपोषण से पीड़ित बच्चों के वार्ड का भी दौरा किया व उनसे मुलाकात की। इस मौके पर मरीजों और उनके रिश्तेदारों को ठंडा पानी मिल सकेगा व यह मानवता के लिए किया गया एक नेक कार्य है, जो उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर किया व सहयोगियों से अपील की कि जीवन में कई पल यादगार होते हैं व उन्हें सदैव के लिए यादों में संजोए रखने के लिए यादगार बनाना बहुत जरूरी है, इसलिए जब भी किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी चीज की कमी दिखाई पड़े तो उसे अपने निजी खर्च से पूरा करने का प्रयास करें व मानव सेवा ही असल में नारायण सेवा है व इस उनके साथ कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है रामसेतु-गोपाल दास जी महाराज



बांसी। हजारिया महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा में महंत गोपाल दास जी महाराज ने श्रीराम द्वारा लंका पर आक्रमण की कथा रामायण के सबसे रोमांचक और महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक है, जिसे वाल्मीकि रामायण और श्री रामचरितमानस में लंका कांड या युद्ध कांड के नाम से जाना जाता है व यह कथा अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है व रामसेतु का निर्माण और समुद्र पार करना माता सीता की खोज के बाद, श्रीराम अपनी वानर सेना के साथ समुद्र तट पर पहुंचे व समुद्र पार करने के लिए नल और नील की देखरेख में वानर सेना ने पत्थरों पर श्रीराम लिखकर रामसेतु का निर्माण किया व इस विशाल पुल की मदद से पूरी वानर सेना ने समुद्र पार कर लंका की धरती पर कदम रखा व लंका पहुंचने पर श्रीराम ने सुवेल पर्वत पर अपना शिविर स्थापित किया व श्रीराम युद्ध से पहले रक्तपात रोकना चाहते थे व उन्होंने बाली के पुत्र अंगद को अपना अंतिम शांति दूत बनाकर रावण की सभा में भेजा व अंगद ने रावण को समझाया कि वह माता सीता को ससम्मान लौटा दे और श्रीराम की शरण में आ जाए, लेकिन अहंकारी रावण ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया व अंगद का अपमान करने की कोशिश की, इसके बाद अंगद ने रावण की सभा में अपना पैर जमा दिया, जिसे रावण के महाबली योद्धा भी हिला नहीं सके, अंत में अंगद युद्ध की चुनौती देकर लौट आए। इस अवसर पर मुख्य यजमान रामसेवक झा श्रीमति भुवन झा एवं देवेंद्र गंगेले श्रीमति अंजली गंगेले सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जगम्मनपुर-बहादुरपुर मार्ग पर बनेंगे दो लघु सेतु, विधायक ने किया भूमि पूजन



उरई : भूमि पूजन करते विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, रामपुरा (जालौन)।** क्षेत्र की वर्षों पुरानी जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के तहत शुक्रवार को रामपुरा विकासखंड के जगम्मनपुर-बहादुरपुर मार्ग पर दो लघु सेतुओं के निर्माण का भूमि पूजन विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने किया। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन सेतुओं से दर्जनों गांवों के लोगों को वर्षभर सुगम आवागमन मिल सकेगा।

जानकारी के अनुसार, जगम्मनपुर-कुठौंद मार्ग पर लिड़ऊपुर के पास लोक निर्माण विभाग की सड़क पिछले दो वर्षों से कटान की शिकार थी, जिससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता था। वहीं, जगम्मनपुर और लिड़ऊपुर के बीच झरना नाले पर बनी निचली पुलिया पर वर्षा ऋतु में 8 से 10 फीट तक पानी भर जाने से संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता था। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए विधायक के प्रयासों से शासन ने दोनों स्थानों पर लघु सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति दी। इन पर क्रमशः 98.12 लाख व 98.11 लाख रुपये व्यय होंगे।

भूमि पूजन से पूर्व लिड़ऊपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क, बिजली व सिंचाई की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सेतुओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने रामपुरा ब्लॉक को विकसित क्षेत्र बनाने के संकल्प को दोहराते हुए सोलर प्लांट व नहर सुदृढ़ीकरण जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, मंडल महामंत्री हिमांशु चिरवारिया, सचेन्द्र सिंह सेंगर, बटेश्वर पाल, शीतल सिंह सेंगर, नरेंद्र प्रजापत, छत्रपाल सिंह सेंगर, दीपक सिंह सेंगर, रामू तिवारी, संतोष सिंह सेंगर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज तिवारी ने किया।

## योग दिवस को जन आंदोलन बनाने का संकल्प-जिलाधिकारी



उरई : योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते डीएम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)।** आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जनसहभागिता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का अभियान है। सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों, ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों को इससे जोड़ा जाएगा। साथ ही आयोजन स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा व सुरक्षा प्रबंध पुख्ता करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम है और भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। सामूहिक योगाभ्यास में अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संगठन व आमजन हिस्सा लेंगे।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, डी.सी. मनरेगा रामेन्द्र सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## फिल्म फेस्टिवल व इप्टा की कार्यशाला में प्रतिभागियों से रु-ब-रु हुए अयोध्या सीओ अनिरुद्ध सिंह'

**-सांस्कृतिक गतिविधियों से समाज में बदलाव लाया जा सकता-बृजेश**



उरई : प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते अभिनेता अनिरुद्ध सिंह ।

**कोंच(जालौन)।** कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल तथा भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की निशुल्क ग्रीष्मकालीन नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न कलात्मक विधाओं का प्रशिक्षण दिए जाने के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं ।

शुक्रवार को आयोजित सत्र में अयोध्या के क्षेत्राधिकारी एवं अभिनेता अनिरुद्ध सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने कार्यशाला में पहुंचकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अभिनय व्यक्तित्व विकास तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अनिरुद्ध सिंह ने प्रतिभागियों को अनुशासन आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि कला और रंगमंच व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं तथा ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उनके प्रेरक विचारों से प्रतिभागियों में नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला

वहीं सेठ वृन्दावन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बृजबल्लभ सिंह सेंगर व शिक्षक विवेक सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कृति का समन्वय व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है उन्होंने प्रतिभागियों को निरंतर अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम के आरंभ में इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ. नईम बॉबी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने संचालन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की सफल एवं प्रेरणादायी हस्तियों के अनुभव प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर सार्थक अग्रवाल वरदान गुप्ता हेमंत कौशल काव्या द्विवेदी चेतन द्विवेदी सूर्या पाण्डेय पलक नखत नसरीन महक मानसी माही राधा आफरीन समायला अनामिका नैनसी प्रियांशी सौम्या ऋतिका वर्मा दक्ष अहमद हृदया निकिता अंशिका आकिफ रुद्रा आलोक रजक अर्स प्राची चैधरी निशि राठौर जीनत अल्फिया पूनम कुमारी प्रियंका चैधरी काजल खुशी शिवन्या दानिश अहमद राज शर्मा कैफ मंसूरी आदि उपस्थित रहे। आभार व्यक्त प्रशिक्षक सानिया सलमानी ने किया।

### सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

कालपी (जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम लमसर में सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण और निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। शुक्रवार को गांव के दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की नवीन परती भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जिस भूमि पर निर्माण किया जा रहा है, उससे संबंधित पट्टे पूर्व में निरस्त हो चुके हैं, इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया है। इससे गांव में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। विरोध करने पर ग्रामीणों को दबाव बनाने और धमकाने का प्रयास भी किया जा रहा है, जिससे गांव के लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मोहित सिंह, योगेंद्र सिंह, शिव सेवक, गोविंद सिंह समेत दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर भूमि की पैमाइश कराई जाए तथा सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाए। उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिकायत की जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे ।

### सब्जी मंडी में शराबियों के जमावड़े से व्यापारी परेशान, तोड़फोड़ व सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त

ललितपुर। शहर के नझाई बाजार स्थित सब्जी मंडी में शराबियों के बढ़ते जमावड़े से स्थानीय दुकानदारों में काफी आक्रोश व्याप्त है व मंडी के व्यापारी करीम पप्पू राईन ने सदर चैकी प्रभारी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि नझाई बाजार सब्जी मंडी में प्रतिदिन सायं शराबियों का जमावड़ा लग जाता है व शराबी मंडी की दुकानों के बाहर बने चबूतरों पर बैठकर शराब का सेवन कर उत्पात मचाने के साथ-साथ तोड़फोड़ भी करते हैं, जिससे व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है व दुकानदारों का कहना है कि यदि समय रहते रोकथाम नहीं की गई तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है व पीड़ित दुकानदार करीम पप्पू राईन ने बताया कि आज सुबह जब अपनी दुकान खोली तो दुकान के दरवाजे पर रखी मोटी छतिया टूटी-फूटी अवस्था में पड़ी मिली तथा उसका कुछ हिस्सा गायब था व दुकान पर सुरक्षा के लिए लगाया गया सी.सी.टी.वी. कैमरा भी क्षतिग्रस्त पाया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है व व्यापारियों ने आशंका जताई है कि यह घटना रात के समय मंडी में जुटने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा हो सकती है व उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सब्जी मंडी क्षेत्र में शराबियों के जमावड़े पर रोक लगाने की मांग की है व मंडी में नियमित पुलिस गश्त व निगरानी बढ़ाए जाने से ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है व अब सभी व्यापारियों की नजर पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

**बोलने व सुनने में असमर्थ पाँच वर्ष तक के बच्चों को है सर्जरी का प्रावधान**

**ललितपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुभांशु सोनकर ने अवगत कराया है कि निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लखनऊ द्वारा करैक्टिव सर्जरी योजनान्तर्गत 5 वर्ष तक के बच्चे जो कि बोलने व सुनने में असमर्थ है के लिए कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी योजनान्तर्गत बच्चों का चिन्हांकन कर डॉक्टरी परीक्षण के उपरान्त सर्जरी कराये जाने का प्रावधान है, जिसके लिये योजनान्तर्गत छै लाख प्रति बच्चे की दर से प्रदान की जाती है एवं सर्जरी स्वर्गीय एस.एन. मेहरोत्रा ई.एन.टी. फाउन्डेशन कानपुर द्वारा करायी जाती है, अतः कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कक्ष संख्या 18 में संपर्क कर सकते हैं।

## किसान गोष्ठी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय एवं अग्रणी बैंक द्वारा कल्याण सिंह सभागार में किसान गोष्ठी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रमुख के.एल. बैरवा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने पंजाब नेशनल बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं व उन्होंने उपस्थित किसानों एवं महिलाओं से बैंकिंग सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लेने, समय पर ऋण अदायगी करने तथा बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाए रखकर कृषि एवं व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार करने का आह्वान किया व संस्थागत ऋण के माध्यम से ग्रामीण साहूकारों पर निर्भरता कम की जा सकती है तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यकारी निदेशक बी.पी. महापात्रा ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब किसान एवं महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हों व उन्होंने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक किसानों के लिए कृषि ऋण, कृषि उपकरण वित्तपोषण, पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, वेयरहाउसिंग तथा स्वयं सहायता समूहों हेतु विभिन्न वित्तीय योजनाएं संचालित कर रहा है व उन्होंने किसानों को समय पर ऋण चुकाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे अधिक से अधिक पात्र किसानों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी । कार्यक्रम में उप मंडल प्रमुख मनीष अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश पटेल, चित्रांशु, गौरव पटेल, गजेन्द्र पटेल, हेमंत कुमार, आरसेटी डारेक्टर, सतीशचन्द्र, जनपद की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक, कृषि अधिकारी एवं सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर 450 से अधिक किसानों एवं महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश आईएएस, जिलाधिकारी रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ, पंजाब नेशनल बैंक प्रधान कार्यालय से कार्यकारी निदेशक बी.पी. महापात्रा तथा कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद, अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार की उपस्थिति रही।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हुई मीटिंग आयोजित

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा दिए निर्देश के क्रम में 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में मीटिंग आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता शेषनाथ चैहान मुख्य विकास अधिकारी नें की व 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत 15 से 21 जून तक योग सप्ताह के क्रम में जिसकी थीम है योग सप्ताह का शुभारंभ कंपनी बाग में प्रातः 6.30 बजे से किया जाएगा व 21 जून को पुलिस लाइन मैदान में भव्यता से आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभाग इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रोटोकॉल 45 मिनट का रहेगा एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नोडल अधिकारी व समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशनल अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, नोडल डॉ. राहुल जायसवाल डी.पी.एम., डॉ आशुतोष कुमार गोस्वामी, मास्टर योगा ट्रेनर रामू कांत आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत मड़ोरी में मनरेगा योजना में प्रधान एवं सचिव ने लगाया भ्रष्टाचार का तड़का

उरई (जालौन)। जनपद जालौन के माधौगढ़ विकास खंड में पंचायतीराज अधिनियम एवं मनरेगा के नियमों की धज्जियाँ उड़ती दिख रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद ग्राम प्रधान अपने और अपने परिजनों के खातों में मनमाने ढंग से मजदूरी का भुगतान करा रहे हैं। इसमें ग्राम पंचायत सचिवों की मिलीभगत का आरोप भी लग रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानों ने ग्राम निधि को लूट का हथियार बना लिया है। विरोध करने वालों को धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप और सख्त कार्रवाई की माँग की है।जिन्होंने कुछ नहीं किया उनके खाते में मनरेगा का पैसा डाला।

हर हाथ को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य शुरू की गई मनरेगा योजना को ग्राम पंचायत मड़ोरीमें ग्राम प्रधान नीरज कुमार एवं पंचायत सचिव सुमित यादव ने अपने हाथों का खिलौना बना दिया मनरेगा योजना में पिछले 5 सालों में एक करोड़ के कार्यों में महा घोटाला किया गया है और जो भी कार्य के भुगतान किए गए हैं उनका बारीकी से स्थल सत्यापन कराया जाए तो एक बड़ा घोटाला सामने आ सकता है


Requested Period of Employment
Period and Work on which Employment Offered

हैरानी की बात तो यह कि मनरेगा योजना में उन मजदूरों को भुगतान किया गया है जिन्होंने कभी अपने हाथ में फावड़ा भी नहीं पकड़ा। लक्ष्मी पत्नी रामचंद्र सिंह जॉब कार्ड नंबर 1102 राजकुमार सिंह पुत्र शिव सिंह 1128 अनिल सेंगर पुत्र रामशरण सिंह 1149 सोनम सेंगर पत्नी सुरजीत सिंह 1150 शीतल सिंह पत्नी जयकरण सिंह 1241 ज्योति प्रजापति पुत्री मुकेश 1255 जिसकी शादी हो चुकी है उसके खाते में भी मनरेगा कार्य की धनराशि प्रधान एवं सचिव की मिलीभगत डाली गई है इसी तरह सत्यम प्रजापति पुत्र राजेश जॉब कार्ड नंबर 1256 इसकी दुकान है आज दिन तक इस मनरेगा योजना की कार्य करते नहीं देखा गया। रोहित तिवारी पुत्र विजय कुमार 1374 दीपिका देवी पुत्री चंद्रपाल सिंह 1358 इसकी शादी 6 साल पहले हो चुकी है लेकिन उसके खाते में प्रधान एवं सचिव द्वारा मनरेगा कार्य की धनराशि उड़ेली जा रही है सुरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र अरविंद सिंह 1359 विवेक सिंह तोमर पुत्र बृजराज सिंह तोमर 1395 संगीता देवी पत्नी रामवीर सिंह 1357 मनमोहन पुत्र अरविंद सिंह 1398 मोहित चतुर्वेदी पुत्र नरेश चतुर्वेदी 1140 आरती पत्नी राजकुमार 1141 शैलेंद्र पुत्र लोकेंद्र सिंह 1116 द्रोपदी देवी पत्नी शिवराम सिंह 1074 राम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह 1072 आरती सेंगर पत्नी अमित कुमार 1224 और ऋषभ तिवारी पुत्र विजय कुमार का जॉब कार्ड नंबर 1468 है ऐसे तमाम जॉब कार्ड धारक हैं जो कभी भी मनरेगा का काम करने नहीं गए लेकिन भ्रष्ट पंचायत सचिव सुमित यादव एवं ग्राम प्रधान नीरज कुमार के द्वारा धनराशि उनके खाते में डालकर बड़े पैमाने पर मनरेगा धनराशि का गवन किया गया है।

**मनरेगा के कार्य हुए नहीं और धनराशि हड़प ली**

ग्राम पंचायत मड़ोरी के पंचायत सचिव सुमित यादव एवं ग्राम प्रधान नीरज कुमार का खेल यही तक सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने बिना कार्य ही मनरेगा की धनराशि निकाल ली बहुत से तो ऐसे काम है जिनकी दो दो बार काम दिखाकर धनराशि निकल गई है ग्राम पंचायत मड़ोरी में दुबरा की ओर नाले की साफ सफाई के नाम पर धनराशि निकाल ली गई है लेकिन मौके पर नाले के बहुत आगे रोटावेटर चला कर मिट्टी को एक सम कर दिया गया है जबकि नाले की ना तो सफाई हुई ना खुदाई हुई सबसे बड़ा घोटाला चकबंध के निर्माण में भी देखा जा रहा है जिसमें एक-एक काम को दो-दो बार दिखा कर धनराशि निकाल गई है।

### डीसी मनरेगा पर शिकायत को रफा दफा करने के आरोप

तहसील जालौन ब्लॉक माधवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मड़ोरी में हुए मनरेगा घोटाले की जांच डीसी मनरेगा से ना कराने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा की जा रही है ग्रामीणों का आरोप है कि उनके द्वारा शिकायत करने के बाद डी सी मनरेगा पंचायत सचिव सुमित यादव एवं प्रधान नीरज से सांठगांठ होने के बाद कोई कार्रवाई नहीं करते और जांच के नाम पर खामोश हो जाते हैं जिससे ऐसा लगता है कि मनरेगा उपायुक्त द्वारा जांच के नाम पर खाना पूर्ति करके अपनी जेब गर्म कर ली जाती है जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी जांच को दबाकर बैठ जाते हैं आज तक उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई ।

संयुक्त मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह से कराई जाए मनरेगा घोटाले की जांच

ग्राम पंचायत मड़ोरी में मनरेगा कार्य में हुए बड़े घोटाले के पर्दाफाश करने एवं दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी राजेश पांडे से गुहार लगाई है ग्रामीणों का कहना था कि मनरेगा के करीब एक करोड़ रुपए की धन राशि के के काम दर्शाकर बड़े पैमाने पर गड़बड़ झाला किया गया है इसलिए इस घोटाले के पर्दाफाश के लिए वह सही जांच के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह के मार्गदर्शन में जांच कराई जाए जिससे घोटालेबाजों को सख्त से सख्त सजा मिल सके।

# मां-बेटे की हत्या करने वाले कलयुगी बेटे के घर मुनादी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा, बबेरू।** बबेरू कस्बे के सनसनीखेज मां.बेटे हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने अब कानूनी शिकंजा पूरी तरह कस दिया है। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार दोपहर बबेरू कोतवाली पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर ढोल.नगाड़ों के साथ मुनादी करवाई और मकान पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा का नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी जल्द कोर्ट में हाजिर नहीं हुआए तो उसके खिलाफ कुर्की की सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मामला बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड का है। यहाँ के निवासी राजकिशोर मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा ने संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर बीते 10 मई 2026 को अपनी सगी मां शांति देवी और सगे



छोटे भाई देवीदीन की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी राजकिशोर फरार चल रहा है। दोहरे हत्याकांड के इस मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपनी उपस्थिति छुपा रहा है। मामले की

**■ कोर्ट में हाजिर न होने पर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस**

गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा गत 18 मई 2026 को आरोपी के खिलाफ गैर.जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बावजूद हाजिर न होने पर कोर्ट ने 30 मई 2026 को आरोपी के विरुद्ध धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा जारी की। न्यायालय के इसी आदेश के अनुपालन में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत भारी पुलिस बल के साथ आरोपी के आवास पर पहुंचे। पुलिस ने तिंदवारी रोड स्थित आरोपी के घर के पास और आसपास के इलाके में लाउडस्पीकर व ढोल बजवाकर मुनादी कराई। इसके बाद आरोपी के घर की दीवार पर कोर्ट का नोटिस चस्पा किया गया। आरोपी राजकिशोर लगातार फरार चल रहा है और कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। आज नियमानुसार उसके घर पर मुनादी कराकर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। अगर वह नियत समय के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता हैए तो पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर देगीए जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं अभियुक्त की होगी।

## पॉक्सो एक्ट के विचाराधीन कैदी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



बांदा। जिला मंडल कारागार से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ बंद एक विचाराधीन कैदी ने जेल परिसर के अंदर ही फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद से जेल प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था में हड़कंप मच गया है। आनन.फानन में जेल अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसारए मृतक बंदी की पहचान अभिषेक सिंह उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई हैए जो जनपद के अतर्रा थाना क्षेत्र के अरखन पुरवा का निवासी था। यह आत्मघाती घटना बृहस्पतिवार की रात की बताई जा रही है। अभिषेक ने कारागार परिसर के भीतर स्थित गैस गोदाम के अंदर अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में जब जेल प्रहरियों और प्रशासन को इसकी भनक लगीए तो हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन के रिकॉर्ड के मुताबिकए मृतक अभिषेक सिंह को इसी साल 11 मार्च 2026 को पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जिला कारागार में निरुद्ध किया गया था। तब से वह जेल में ही निरुद्ध था और मामले की अदालती सुनवाई चल रही थी। जेल जैसे अति.सुरक्षित और संवेदनशील परिसर के अंदर एक कैदी द्वारा फंदा लगाकर जान दे देने की इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था और प्रहरियों की मुस्तैदी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जेलर के अनुसारए विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहालए जेल प्रशासन और संबंधित अधिकारी इस बात की गहनता से जांच कर रहे हैं कि कैदी गैस गोदाम तक कैसे पहुंचा और उसने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया।

# सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

**-दो गुल्लक तोड़कर 40 हजार रुपये की नकदी पार**

**पैलानी बांदा।** थाना क्षेत्र के सिंधन कलां गांव में बेखौफ चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की नकदी और सामान साफ कर दिया। रात के अंधेरे में घर में घुसे चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर जमकर उत्पात मचाया और घर में रखी दो गुल्लकों को फोड़कर उसमें जमा करीब 40 हजार रुपये समेट ले गए। गुरुवार सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सिंधन कलां गांव निवासी पीड़ित राजाराम पुत्र जागेश्वर ने बताया कि वह बुधवार की रात गांव के ही भूरा महाराज के ट्यूबवेल पर रखवाली करने गए थे। उनका पुत्र शिवबाबू रोजी.रोटी कमाने के सिलसिले में सूरत में रहता हैए जबकि घर के बच्चे अपनी दादी के यहाँ सोने चले गए थे। घर को पूरी तरह सूना पाकर चोर रात में मकान की ऊंची दीवार फांदकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने इसके बाद कमरे का ताला तोड़ा और पूरे घर के बक्से व सामान को खंगाल डाला।

पीड़ित राजाराम के मुताबिकए चोरों ने घर के अंदर रखे दो गुल्लक बॉक्स को बेरहमी से तोड़ दिया और उनमें मेहनत से जमा की गई करीब 40 हजार रुपये की नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। चोर अपने साथ घर का अन्य कीमती सामान भी समेट ले गए हैं। हालांकिए पीड़ित का कहना है कि चोरी गए कुल सामान की सही लिस्ट उनका बेटा शिवबाबू ही बता पाएगाए जिसके सूरत से वापस लौटने के बाद ही सामान का सही आकलन हो सकेगा। गुरुवार की सुबह जब परिवार के सदस्य वापस अपने घर पहुंचेए तो मुख्य दरवाजों के ताले टूटे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा देख उनके होश उड़ गए। चोरी की खबर आग की तरह गांव में फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने पैलानी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और माल बरामदगी की गुहार लगाई है।

सिंधन कलां और आसपास के गांवों में हाल के दिनों में बढ़ रही चोरी की छोटी.मोटी घटनाओं से स्थानीय ग्रामीणों में भारी दहशत है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस की सुस्ती के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। फिलहालए पैलानी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 11 साल पुराने गैंगस्टर केस में तीन दोषियों को 3.3 वर्ष की सजा



बांदा। गैंगस्टर कोर्ट ने एक दशक से भी अधिक पुराने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए तीन शातिर अपराधियों को सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश पाल सिंह की अदालत ने मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए 3.3 वर्ष के कठोर कारावास और 5.5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दोषियों को एक.एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि 14 जून 2014 को जनपद बांदा के बिसंडा थाना में तत्कालीन थाना प्रभारी अमर सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियमए 1986 की धारा 2ध्3 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसारए इन अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह थाए जिसका सरगना कुलदीप था और बाकी दोनों उसके सक्रिय सदस्य थे। यह गिरोह संगठित रूप से अपराध कर आर्थिक और भौतिक लाभ अर्जित करने का अभ्यस्त था। इनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थेए जिसके आधार पर गैंग चार्ट तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई थी।

इस गिरोह की आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहता था। आम जनता इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने या कोर्ट में गवाही देने से भी डरती थी। मामले की विवेचना तत्कालीन निरीक्षक हरिशरण सिंह यादव द्वारा की गईए जिन्होंने सभी दस्तावेजी साक्ष्यए एफआईआर और सामान्य डायरी संकलित कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। 25 जून 2015 को कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने के बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई। अभियोजन पक्ष ने अदालत में कुल 6 महत्वपूर्ण गवाह पेश किए। अभियोजन विभाग द्वारा समयबद्ध तरीके से की गई प्रभावी पैरवी और समन्वय के कारण कोर्ट ने अपने 32 पन्नों के विस्तृत फैसले में तीनों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। इस महत्वपूर्ण मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंहए पैरोकार सतीश कुमार और कोर्ट मोहर्रिर राकेश सिंह तोमर ने बेहद प्रभावी पैरवी कीए जिससे अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा सका।

## पुलिस अधीक्षक ने परेड, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

हमीरपुर। आज पुलिस अधीक्षक,जनपद हमीरपुर द्वारा शुक्रवार की परेड, पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया तथा अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं फिट बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई।

यूपी-112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। टोलीवार शस्त्र खोलने एवं जोड़ने के अभ्यास के दौरान एंटी-रायट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस एवं ग्रेनेड आदि उपकरणों का प्रदर्शन कर पुलिस कर्मियों को आपात परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई हेतु प्रशिक्षित किया गया। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओआर कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक पिता ने थाने के अंदर अपनी लड़की को चाकू मार कर हत्या किया, गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**अतर्रा बांदा।** थाना अध्यक्ष बदौसा ने बताया कि शिवानी नाम की लड़की को एक लड़के ने भागकर बांदा जनपद के बाहर ले गया था विगत चार दिवस पहले। लड़की के पिता सत्य प्रकाश सिंह चौहान निवासी बरछा ब थाना बदौसा तहसील अतर्रा के द्वारा इस संबंध में थाना बदौसा को लिखित सूचना दिया था। थाना पुलिस के द्वारा कल दिन गुरुवार को दोनों को बांदा जनपद के बाहर से गिरफ्तार कर दोनों को थाने ले आए थे। थाना अध्यक्ष बदौसा के द्वारा लड़की के पिता सत्य प्रकाश को अपनी लड़की को समझा बुझा कर घर ले जाने के लिए बुलाया था। मगर सत्य प्रकाश थाने जाने के पहले वह धारदार चाकू चोरी छुपे लेकर थाने पहुंचा। बताया जाता है कि जब इस संबंध में लड़की ने अपने पिता की बात नहीं मानी तो वह आवेश में आकर चाकू मारकर थाने के अंदर ही हत्या कर दिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा, बबेरू।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव पर सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित अखिल भारतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सीओ कार्यालय में गुरुवार दोपहर को सौंपे गए ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी अदिति यादव को बदनाम करने के इरादे से बेहद आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई है। इस अमर्यादित कृत्य से न केवल पीड़ित परिवार बल्कि संपूर्ण यादव समाज



की भावनाएं आहत हुई हैं और समाज में भारी नाराजगी है। अखिल भारतीय यादव महासभा के नेतृत्व में पहुंचे समाज के लोगों और कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि सोशल मीडिया की गरिमा को तार.तार करने वाले और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले शरारती तत्व को तत्काल चिन्हित किया जाए। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाए। इस दौरान महासभा के प्रमुख पदाधिकारियों सहित कई जागरूक नागरिक मौजूद रहेए जिन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि यदि आरोपी के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो समाज आगे की रणनीति तय करने पर मजबूर होगा।

# बाजार में मिलावटी खाद्य सामग्री धड़ल्ले से बिक रही है

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** बांदा जनपद के अतर्रा तहसील के अंतर्गत बदौसा अतर्रा एवं बिसंडा ओरन मैं खाद्य सामग्री मिलावटी बिक रही है फूड विभाग गहरी नींद सोया हुआ है। आप सभी को ज्ञात हो की मिलावटी खाद्य सामग्री में दूध पनीर मिठाइयां सरसों का तेल आदि खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को देखने वाला एवं सुनने वाला कोई नहीं है। मिलावटी खाद्य सामग्री खाकर लोग विभिन्न प्रकार के रोग से ग्रसित हो रहे हैं लोग। पड रही भीषण गर्मी के कारण खाद्य सामग्री कई कई दिनों की पुरानी मिठाइयां पनीर लोग बेच रहे हैं खराब हो जाने के बाद भी काउंटर में रखें फ्रिज से निकाल कर ऐसे बिक्री कर रहे हैं जैसे तरोताजा हो। फूड विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गहरी नींद में जानबूझकर सोए हुए हैं। इस बारे में जब दूरभाष पर उपजिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा अभी तक ऐसी कोई शिकायत मेरे कार्यालय को नहीं मिली है फिर भी फूड विभाग को बुलवाकर मिलावटी खाद सामग्री बेचने वालों को विरुद्ध मिशन चलाया जाएगा।

## बांदा जजशिप में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर भर्ती

बांदा। जिला एवं सत्र न्यायालय बांदा में सरकारी सेवा से जुड़े विधि स्नातकों के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसारए जजशिप बांदा में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के 01 पद पर नियुक्ति के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 25 जुलाई 2026 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

विज्ञप्ति के अनुसारए इस पद के लिए केवल वही व्यक्ति आवेदन करने के पात्र हैं जो निम्नलिखित योग्यताएं पूरी करते हो। जो उत्तर प्रदेश शासन के अधीनस्थ कोई पद वर्तमान में धारण करते हों अथवा पूर्व में धारण कर चुके हों।शैक्षणिक व विधिक योग्यतारू आवेदक का विधि स्नातक होना अनिवार्य हैए अथवा वह माननीय उच्च न्यायालय की संतुष्टि के अनुसार विधिक मामलों का अनुभवी व्यक्ति हो।आवेदक के पास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा.11 के तहत परिभाषित सभी आवश्यक योग्यताएं होनी चाहिए। इस पद के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026 तय की गई है। अभ्यर्थी अपना आवेदन डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला न्यायालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की स्व.प्रमाणित छायाप्रतियांएपिछले 5 वर्षों की चारित्रिक प्रविष्टियों का विवरण। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में नियुक्त रह चुके विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेटों को आवेदन के साथ प्रमाण पत्र और चारित्रिक प्रविष्टियां भेजने की आवश्यकता नहीं है। इसके स्थान पर उन्हें अपने कार्यकाल के सबसे अच्छे 04 निर्णय आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होंगे।भर्ती से जुड़ी किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी और निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप किसी भी कार्य दिवस में जिला न्यायालय बांदा के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावाए इस भर्ती का विस्तृत विवरण और नोटिफिकेशन माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## प्रभावी पैरवी कर दहेज हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास व ?30,000 के अर्थदण्ड की सजा दिलाई गई

हमीरपुर। थाना बिंवार जनपद हमीरपुर पर मु0अ0सं0-124ध2022 धारा 498ए, 304बी भा0द0सं0 एवं 3ध4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में अभियुक्तगण जयप्रकाश कुशवाहा पुत्र नत्थू कुशवाहा एवं व सन्तोष कुशवाहा पुत्र जयप्रकाश कुशवाहा निवासीगण ग्राम मुटनी थाना बिंवार जनपद हमीरपुर के विरुद्ध 09 जून 2022 को अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत उक्त अभियोग को चिन्हित कर अभियोजन विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध रूप से साक्ष्यों एवं गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कराया गया। प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप आज न्यायालय डकैती कोर्ट जनपद हमीरपुर द्वारा अभियुक्तगण जयप्रकाश कुशवाहा एवं सन्तोष कुशवाहा को दोषसिद्ध ठहराते हुए 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को ?15,000ध- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विवेचक विवेक यादव, अभियोजक विशम्भर सिंह पाल, पैरोकार श्रीकान्त राजपूत रहे।

# बरसात शुरू होने के पूर्व नहीं बनी पुलिया तो ठप हो जायेगा इंगोहटा छानी मार्ग

**भरुआ सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे को जोड़ने वाले इंगोहटा छानी मार्ग में विदोखर के पास बन रही पुलिया का निर्माण चार माह बीत जाने के बाद पूरा नहीं हुआ। इससे आने वाली बरसात में इस मार्ग में आवागमन ठप होने का खतरा बढ़ने लगा है। अगर समय से मानसून ने दस्तक दे दी तो करीब 50000 की आबादी के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो सकता है।

18 किमी लंबा इंगोहटा छानी मार्ग ब्लॉक का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। इस मार्ग से दो दर्जन से ज्यादा पंचायतों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। यह मार्ग स्टेट हाईवे हमीरपुर राठ से सीधे नेशनल हाईवे 34 को जोड़ता है। इस मार्ग से लोग नेशनल हाईवे में पहुंचकर कानपुर, बांदा, फतेहपुर, महोबा, चित्रकूट, छतरपुर, सागर आदि प्रमुख जगहों को आते जाते हैं। साथ ही यह मार्ग रेलवे लाइन से भी लोगों को जोड़ता है। ट्रेनों से यात्रा करने वाले लोग इंगोहटा रेलवे स्टेशन से कानपुर, बांदा, झांसी, प्रयागराज, चित्रकूट आदि जगह को आते जाते हैं। मार्ग के किमी संख्या 2-3 के मध्य चार माह से बन रही पुलिया अभी तक अधूरी है। बंडा के पूर्व प्रधान जन सत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह, विदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, मवईजार के प्रधान कामता प्रसाद, कल्ला के प्रधान शिवशरण प्रजापति, धनपुरा के प्रधान चंद्रपाल प्रजापति, खड़ेहीजार के प्रधान राज कुशवाहा, विदोखर मेदनी के प्रधान लालाराम यादव, छानी बुजुर्ग के भारत सिंह यादव, छानी खुर्द के अरुण कुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरगोविंद प्रजापति ने कहा कि अगर समय से मानसून की दस्तक हो जाती है और पुलिया का निर्माण पूरा नहीं होता है, तो इस सड़क पर यातायात ठप होना तय हैं। अगर ऐसा होता है तो क्षेत्र की करीब 50000 की आबादी की आवागमन पर सीधा असर पड़ेगा और लोगों को कई किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा।

लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि वह निर्माण कार्य की लगातार निगरानी कर रहे हैं। बरसात शुरू होने से पूर्व भी निर्माण पूर्ण कराया जाएगा। गुरुवार को उन्होंने खुद जाकर कार्य की प्रगति देखी थी। सोमवार को फिर से

## बाढ़ आपदा के दृष्टिगत रामघाट में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए किया गया मॉक ड्रिल



चित्रकूट- जनपद में संभावित बाढ़ आपदा के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करने के लिए शुक्रवार को तहसील कर्वी अंतर्गत रामघाट पर बाढ़ की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के सफल संचालन के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ की काल्पनिक स्थिति उत्पन्न कर घाट को सुरक्षित रूप से खाली कराया गया तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित उच्च स्थानों तक पहुंचाने का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही डूबते हुए व्यक्ति के सुरक्षित बचाव (रेस्क्यू) का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे आपदा की स्थिति में संबंधित विभागों की तत्परता एवं समन्वय का परीक्षण किया जा सके।

इसी क्रम में तहसील राजापुर अंतर्गत तुलसी घाट पर भी बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों के संबंध में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया कि मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन एवं संबंधित विभागों का पूर्ण सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। यह अभ्यास जनसुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं तहसीलदार सदर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस,ध्आपदा राहत दल तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 20 जून को सजेगा रोजगार मेला युवाओं को मिलेगी नई राह

- ■ योगी सरकार के कौशल विकास मिशन से युवाओं को मिलेगा रोजगार का बड़ा मंच
- ■ सरकारी और निजी कंपनियों में अप्रेंटिस का सुनहरा मौकाए चमकेगी युवाओं की किस्मत
- ■ बिजली विभाग से लेकर आईटीआई परिसर तकए इलेक्ट्रीशियनए वेल्डर और कारपेंटर युवाओं को मिलेगी नई राहश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**अतर्रा बांदा।**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के युवाओं के कौशल को नए पंख मिल रहे हैं। सूबे की सरकार युवाओं को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसी कड़ी में बांदा जनपद के युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप का एक बड़ा और सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। आगामी 20 जून 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसरए बांदा में एक विशाल शिशिक्षु



मेलेश् का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला उन युवाओं के लिए अपनी किस्मत चमकाने का बेहतरीन जरिया बनेगा जिन्होंने तकनीकी क्षेत्रों में अपनी पढ़ाई पूरी की है। आप सभी को ज्ञात हो की मेले में प्रतिभाग करने वाले मुख्य अधिष्ठानों में विद्युत वितरण ग्रामीण खंडए बांदारू इसके लिए इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से उत्तीर्ण युवा पात्र होंगे। विद्युत वितरण खंड अतर्राए बांदारू यहां इलेक्ट्रीशियन और इलेक्ट्रिकल ट्रेड के युवाओं के लिए चयन का शानदार मौका है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए बांदारू यहां वेल्डर और कारपेंटर ट्रेड के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को अप्रेंटिसशिप का अवसर दिया जाएगा। इसके अलावा जनपद के समस्त राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी इस मेले में भाग ले सकते हैं। मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का भारत सरकार के अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त मूल शैक्षिक व तकनीकी प्रमाण पत्रए उनकी छायाप्रतिए पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड लाना होगा।राजकीय आईटीआईए बांदा के नोडल प्रधानाचार्य ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि योगी सरकार के श्रोजगार भीए सम्मान भीश् के संकल्प को गति देने के लिए यह मेला आयोजित हो रहा है। बुंदेलखंड के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सरकार उन्हें स्थानीय स्तर पर ही उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार ढाल रही है। यह अप्रेंटिसशिप न सिर्फ युवाओं के कौशल को निखारेगीए बल्कि उनके स्वावलंबन का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

कौशल विकास मिशन के तहत आयोजित होने वाले इस मेले में कई प्रतिष्ठित सरकारी अधिष्ठान और निजी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। नोडल प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बार युवाओं को सीधे सरकारी विभागों से जुड़कर काम सीखने और अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

# किसानों को जमीन बचाने के लिए करना होगा संघर्ष–राकेश टिकैत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने जिलाध्यक्ष अजय कटियार की मां के शांति पाठ में पहुंचकर हवन में आहुति दी। उन्होंने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर राकेश टिकैत ने लिंक एक्सप्रेसवे को लेकर किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी जमीनें बचाने के लिए प्रशासन से संघर्ष करना पड़ेगा लड़ना पड़ेगा। अभी तो एक ही एक्सप्रेसवे निकल रहा है आगे और निकलेंगे।

श्री टिकैत ने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के जो सर्किल रेट बढ़े हैं वह जिलाध्यक्ष और किसानों के संघर्ष से बढ़े हैं। कहीं.कहीं सर्किल रेटों में कमी है वह भी बढ़ेंगे। सर्किल रेट बढ़वाने के लिए किसानों को बड़ा संघर्ष करना पड़ेगा।

उन्होंने साफ कहा कि किसानों की उनकी बिना सहमति के कोई भी उनकी जमीन नहीं ले सकता। अगर कोई जमीन नहीं देना चाहता है और जिला प्रशासन उन किसानों को धमकाएगा तो पूरे देश के आंदोलन यहीं फर्रुखाबाद में चलेंगे।

शांति पाठ में राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव उदय वीर यादव उत्तर प्रदेश सचिव तिलक सिंह राजपूत आगरा मंडल उपाध्यक्ष रूपेंद्र शाक्य आगरा युवा मंडल सचिव विपिन यादव बुलंदशहर जिलाध्यक्ष आरव सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

सभी ने जिलाध्यक्ष की मां को श्रद्धांजलि दी। किसानों ने एकजुट होकर जमीन और सर्किल रेट के मुद्दे पर संघर्ष का संकल्प लिया।



## 27 जुलाई दिए जने वाले ज्ञापन के हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज ।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे 27 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर कराए ।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे 27 जुलाई को ज्ञापन देने के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत मंनथेस्वर नाथ मंदिर गंगेश्वर नाथ मंदिर बाबा की बगिया बाजार मे हस्ताक्षर अभियान चलाकर कर आम लोगो के हस्ताक्षर कराए गए ।

## गंगा तट से अपशिष्ट सामग्री खंडित मूर्ति प्लास्टिक पॉलिथीन हटाई गई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फरुखाबाद।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने हेतु साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन गंगा घाट पांचाल घाट पर किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाएं गंगा योद्धा एवं अन्य स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भारी मात्रा में गंगा तट से खंडित मूर्ति प्लास्टिक पॉलिथीन कांच कपड़े इत्यादि अपशिष्ट सामग्री हटाई गई। इस दौरान लगभग दो कुंतल कूड़ा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया।जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि लोग अज्ञानता वश गंगा के तट पर अपशिष्ट सामग्री छोड़ जाते हैं जिसकी वजह से गंगा का जल दूषित होता है।कई बार भारी मात्रा में कांच भी मिलती है जिससे कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। गंगा के तट पर किसी भी प्रकार की सामग्री विसर्जित ना करें इससे न सिर्फ धर्म का अपमान होता है बल्कि पर्यावरण भी दूषित होता है। जितना हो सके अपने घर पर ही अपशिष्ट सामग्री का निस्तारण करना चाहिए। नमामि गंगे के प्रशिक्षक रोहित दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को यह समझना चाहिए कि हम जिस तरह से अपने घर को स्वच्छ रखते हैं उसी तरह से हमें गंगा तट को भी स्वच्छ रखना चाहिए। लोग स्वयं को पवित्र करने के लिए गंगा स्नान करते हैं परंतु बदले में गंगा के जल में अपशिष्ट सामग्री छोड़ जाते हैं जिससे गंगा नदी का अपमान होता है। इस अवसर पर उपस्थित नविकों पंडा पुजारी दुकानदारों आदि को भी गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान में गंगा योद्धा दीक्षा पल्लवी विवेकअशिमत एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 366 कुंतल राशन की हेराफेरी पर गिरी गाज एफ आई आर दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** राशन की कालाबाजारी पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। विकासखंड कमालगंज की ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखण्डा की उचित दर विक्रेता श्रीमती माया देवी का अनुबंध पत्र निरस्त कर दिया गया है। आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायत के बाद पूर्ति निरीक्षक कमालगंज ने मौके पर जांच की।

जांच में विक्रेता द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनुदानित खाद्यान्न में बड़े पैमाने पर अनियमितता पाई गई। जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जांच रिपोर्ट के अनुसार विक्रेता ने गेहूं 105ण्922 कुंतल चावल 157ण्038 कुंतल बाजरा 103ण्79 कुंतल एवं चीनी 63 किलो की नफा नाजायज कमाने के उद्देश्य से कालाबाजारी डायवर्जन कर दिया। इसके अलावा 1ण्50 कुंतल मक्का स्टॉक में अधिक मिला।

इन गंभीर अनियमितताओं के चलते विक्रेता की दुकान का अनुबंध पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अंतर्गत थाना कोतवाली फतेहगढ़ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कार्रवाई के बाद खाद्यान्न वितरण व्यवस्था सुचारु रखने के लिए ग्राम सभा नौखण्डा हुसैनपुर के राशनकार्ड धारकों को ग्राम पंचायत नगला खेमरंगाई की कोटेदार श्रीमती कुंती देवी से संबद्ध किया गया है। अब क्षेत्र के लाभार्थियों को यहीं से राशन का वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी उचित दर विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि नियमानुसार वितरण सुनिश्चित करें। शिकायत मिलने पर कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी पूर्ति निरीक्षकों को भ्रमणशील रहकर वितरण पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### दोपहिया वाहनों की बिक्री में साल-दर-साल 2 गुना वृद्धि

**कानपुर।** अमेज़न.इन पर उसके दोपहिया वाहन स्टोर ने साल-दर-साल 2 गुना की वृद्धि दर्ज की है। इसकी मांग का नेतृत्व टियर 2 और टियर 3 शहर कर रहे हैं, जहां ग्राहक रोज़मर्रा की कम्यूटर बाइक्स के साथ-साथ प्रीमियम और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी तेज़ी से चुन रहे हैं। कंपनी वर्तमान में इलेक्ट्रिक, प्रीमियम और कम्यूटर सेगमेंट में 20 से अधिक ब्रांडों के विकल्पों को लिस्ट करती है, जिनमें ट्रायम्फ, केटीएम, रॉयल एनफील्ड, बजाज ऑटो, एथर एनर्जी और हीरो मोटोकॉर्प शामिल हैं, जिन्हें 3,000 से अधिक ओईएम अधिकृत डीलरों का समर्थन प्राप्त है। अमेज़न इंडिया के निदेशक-होम, किचन एंड आउटडोर्स अमन लोहान ने कहा भारत में दोपहिया वाहन खरीदने का सफर अक्सर लंबा होता है और भ्रमित करने वाले विकल्पों, ईंधन के प्रकारों और कीमतों के कारण यह तनावपूर्ण हो सकता है। यह तब और अधिक सीमित महसूस होता है जब आपके पास सीमित विकल्प हों, खासकर महानगरों से बाहर। ग्राहकों के लिएए अमेज़नण्इन एक ही स्थान पर ब्रांडोंए मूल्य बिंदुओं और ईंधन प्रकारों के सबसे बड़े विकल्प लेकर आता है, जिसमें पूरी कीमत पारदर्शिता और डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलती है।

## केबल बॉक्स फटने से 200 गांवों में 8 घंटे अंधेरा

फर्रुखाबाद। शमशाबाद लुधईया विद्युत केंद्र के पास मुख्य लाइन के केबल बॉक्स में फाल्ट आने से विद्युत उपकेंद्र हजियापुर और हुसैनपुर की आपूर्ति ठप्प हो गई सुबह करीब 5 बजे अचानक दोनों उपकेंद्र बंद हो गए। दोपहर 1 बजे तक करीब आठ घंटे बिजली ठप रहने से लगभग 200 गांवों की आपूर्ति प्रभावित रही। अचानक बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या गड़बड़ा गई। जानकारी के अनुसारए हजियापुर उपकेंद्र से जुड़े करीब 90 गांव तथा हुसैनपुर उपकेंद्र से जुड़े लगभग 110 गांव अंधेरे में रहे। बिजली न मिलने से घरेलू उपभोक्ताओं को पानी पंखे.कूलर और चार्जिंग की समस्या हुई। किसानों की सिंचाई भी प्रभावित हुई। गर्मी और उमस के बीच लोग परेशान दिखे। सुबह के जरूरी काम भी अटक गए। कई जगह इनवर्टर भी जवाब दे गए।

## 7 डिसमिल पर कब्जे को लेकर एक परिवार भूख हड़ताल पर पुलिस तैनात

**गंगा एक्सप्रेसवे मुआवजा पर फूटा गुस्सा**

**25 लाख के मकान का कम मुआवजा रमाकांत बोले. दोबारा सर्वे तक नहीं देंगे जमीन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो ,हृ फर्रुखाबाद।** राजेपुर क्षेत्र के अंबरपुर गांव में भूमि विवाद ने दो मोर्चे खोल दिए हैं। एक तरफ पैतृक जमीन पर पार्क बनाने को लेकर एक ही परिवार के पांच सदस्य आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। दूसरी तरफ गंगा एक्सप्रेसवे में जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। पहले मामले में गिरीश चंद्र मिश्रा पत्नी गायत्री पुत्री सुमन पुत्र देवेश और बहू गंगा देवी शुक्रवार सुबह 10 बजे से अनशन पर हैं। आरोप है कि 40 साल से काबिज 7 डिसमिल जमीन पर गांव के रमाकांत ओमकार और अरुण ने मिट्टी डलवा दी। परिवार यहां बाबू कल्याण सिंह के नाम से पार्क बनवाना चाहता है। दूसरे पक्ष के रमाकांत का दावा है कि उन्होंने लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 14 डिसमिल भूमि दी थी जिसके बदले प्रशासन ने यही विवादित जमीन आवंटित की है। विवाद बढ़ने पर डायल.112 और दरोगा जगदीश वर्मा मौके पर पहुंचे। एहतियातन दो पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। दूसरा मामला गंगा एक्सप्रेसवे मुआवजे से जुड़ा है। रमाकांत पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ ने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। उनकी गाटा संख्या 202 और 203 की भूमि एक्सप्रेसवे में जा रही है। आरोप है कि गाटा संख्या 203 में बने मकान का सही मूल्यांकन नहीं हुआ।

रमाकांत का कहना है कि मकान निर्माण में करीब 25 लाख रुपये लगे पर लेखपाल ने मुआवजा बहुत कम आंका है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मौजूदगी में दोबारा सर्वे और निष्पक्ष जांच नहीं होतीए तब तक जमीन.मकान नहीं देंगे।

डीएम से निष्पक्ष जांच और न्यायोचित मुआवजे की मांग की है। अंबरपुर के ये दोनों मामले भूमि विवाद और अधिग्रहण में मुआवजे के पेचीदा मुद्दों को उजागर करते हैं। एक तरफ पार्क और कब्जे की दावेदारी है दूसरी तरफ विकास परियोजना में सही दाम की मांग। अब समाधान प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया पर टिका है।

**कानपुर नगर निगम**

निविदा सूचना

निविदा संख्या–32 / मु०अभि० / 2026–27

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2025–26 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ०प्र० सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था मे निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2025–26 हेतु पंजीकृत ठेकेदारो से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं –

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यों की निविदायें संख्या–37 दिनांक–25.06.2026

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

आर नं. 80 दि. 12.06.2026

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

पत्रांक– 384 / 1–30 निविदा / 2026–27 दिनॉक 12.06.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से शासनादेश संख्या 3890 / नौ–5–19–149सा / 2019 दिनॉक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक फर्म / एजेन्सी / कम्पनी / ठेकेदार दिनॉक 22.06.2026 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं, प्राप्त निविदाएं दिनॉक 22.06.2026 को सायंकाल 4.30बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी जो एन० एस० सी० / एफ०डी०आर० / नकद जमा रसीद–फार्म–5 / टी०डी०आर० के रूप में ही स्वीकार की जावेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा ।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | आंगणन / अनु. लागत | निविदा मूल्य + जी.एस.टी | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वागत पट यूनिपोल 8x16 फुट सप्लाई मय अधिष्ठापन कम्पलीट | 287000.00 | 354.00 | 28700.00 | एक माह |
| 2. | कान्हा गौशाला सकवाई में गायों के गोबर से लट्ठे बनाने हेतु काऊ डंग लॉग मशीन क्रय हेतु। | 152000.00 | 236.00 | 15200.00 | एक माह |
| 3. | वार्ड सं० 01 मो० राजन नगला में कालीचरन के मकान से हवलदार के मकान तक तथा सुमन के मकान से महेन्द्र पाल के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 579000.00 | 708.00 | 57900.00 | एक माह |
| 4. | वार्ड सं0 01 मो० बंधौआ में लालमन के मकान से पप्पू के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 320000.00 | 472.00 | 32000.00 | एक माह |
| 5. | वार्ड सं० 03 मो० ग्रानगंज में पंकज दिवाकर के मकान से श्रीकृष्ण के मकान तक नाली व सडक इण्टरलॉक उच्चीकरण का कार्य व लिंक गली प्रेमचन्द्र के मकान तक सडक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 183000.00 | 236.00 | 18300.00 | एक माह |
| 6. | वार्ड सं0 04 मो० नगला नैन में सदानन्द पाल के मकान से प्रदीप के मकान तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। | 305000.00 | 472.00 | 30500.00 | एक माह |
| 7. | वार्ड सं० 10 आवास विकास सेक्टर 02 टंकी परिसर में सी०सी० एप्रोच मार्ग एवं इण्टरलॉक फ्लोरिंग तथा सिंगल सीटर शौचालय निर्माण कार्य। | 757000.00 | 944.00 | 75700.00 | एक माह |
| 8. | वार्ड सं० 12 मो० सिद्धार्थ नगर नवदिया में अरविंद सेक्रेटरी से विपिन सागर के मकान तक नाली व सड़क निर्माण कार्य। | 447000.00 | 590.00 | 44700.00 | एक माह |
| 9. | वार्ड सं० 12 मो० वनखड़िया में अनोखेलाल के मकान से रामपाल के मकान होते हुये संजू कटियार के मकान तक नाली व सड़क निर्माण कार्य। | 808000.00 | 1062.00 | 80800.00 | एक माह |
| 10. | वार्ड सं० 12 मो० कठेरियन नगला में जगदीश के मकान से अनिल के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 351000.00 | 472.00 | 35100.00 | एक माह |
| 11. | वार्ड सं0 13 मो० नेकपुर चौरासी में शिवजी मंदिर ग्राउन्ड में इण्टरलॉक फर्श निर्माण कार्य। | 259000.00 | 354.00 | 25900.00 | एक माह |
| 12. | वार्ड सं० 17 मो० जंगबाज खाँ में वीरचन्द्र के मकान से धीरचन्द्र के प्लाट तक नाली व सड़क इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 180000.00 | 236.00 | 18000.00 | एक माह |
| 13. | वार्ड सं० 23 मो० दुईयाँ में विनोद कुमार के मकान से पचपेड़ा मंदिर तक नाली व सड़क इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 309000.00 | 472.00 | 30900.00 | एक माह |
| 14. | वार्ड सं० 23 मो० पक्कापुल नाला मछरट्टा नदीम के मकान के पास चैम्बर निर्माण कार्य। | 122000.00 | 236.00 | 12200.00 | एक माह |
| 15. | वार्ड सं0 27 मो० जटवारा जदीद में राजेश बाथम के मकान से सुधीर बाथम के मकान तक व जटवारा जदीद में चन्द्रशेखर वर्मा के मकान से चन्द्रपाल वर्मा के मकान तक नाली सडक इण्टरलॉक निर्माण कार्य तथा मो० जटवारा जदीद में रंजीत राजपूत के मकान के पास व किशोरी बाथम के मकान के पास व वीरपाल के मकान के पास नाली पर आर०सी०सी० स्लैब डालने का कार्य व रंजीत राजपूत के मकान से राजीव कुशवाहा के मकान तक सडक मरम्मत कार्य। | 795000.00 | 944.00 | 79500.00 | एक माह |
| 16. | वार्ड सं0 27 मो० बड़ा बंगशपुरा कोहना में निजाम के मकान से शहबाब की दुकान व चौराहा तक नाली सडक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 663000.00 | 826.00 | 66300.00 | एक माह |
| 17. | वार्ड सं० 36 मो० मछलीटोला में मदनलाल के मकान से दिनेश के प्लाट तक नाली व सडक इण्टरलॉक निर्माण कार्य । | 144000.00 | 236.00 | 14400.00 | एक माह |
| 18. | वार्ड सं० 36 मो० मछलीटोला में शंकरलाल के मकान से मुन्ना बिरयानी वाले के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 193000.00 | 236.00 | 19300.00 | एक माह |
| | **जलकल** | | | | एक माह |
| 19. | मो० कांशीराम कॉलोनी टाउनहॉल में अवर जलाशय में राइजिंग लाइन को ओवर फ्लो लाइन से जोड़ने का कार्य। | 312671.00 | 472.00 | 31267.00 | एक माह |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

# ईरान की हिट लिस्ट में कई कंपनियां

**तेहरान।** ईरान ने एक चेतावनी जारी की है। उसने कहा है कि वह एलन मस्क के सभी व्यापारिक संस्थानों को सैन्य निशाना मानेगा। इसमें

- मस्क की कंपनी पर भी हमले की आशंका
- तेहरान बोला- ये यूएस और इस्राइल के मददगार

स्पेसएक्स की स्टारलिंक इंटरनेट सेवा और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) शामिल हैं। ईरान की सरकारी मीडिया फार्स के अनुसार, तेहरान ने अपनी सैन्य हिट लिस्ट बढ़ा दी है। अब इसमें पश्चिम एशिया में मौजूद मस्क की कंपनियों से जुड़े सभी आर्थिक हित और स्टारलिंक के ग्राउंड स्टेशन शामिल हैं।

ईरानी अधिकारियों का दावा है कि मस्क की कंपनियां अमेरिका और इस्रायल की सैन्य कार्रवाइयों में सक्रिय रूप से मदद कर रही हैं। उनका कहना है कि ये कंपनियां ड्रोन हमलों और मानवरहित समुद्री जहाजों जैसे आधुनिक हथियारों को चलाने में सहयोग देती हैं। ईरान का मानना



है कि अमेरिका ने मस्क की कंपनियों की मदद से युद्ध अपराध किए हैं। इसलिए ईरान इन कंपनियों के ठिकानों पर हमला करने का पूरा अधिकार रखता है। ईरान की यह चेतावनी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक सोशल मीडिया पोस्ट के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेगा। ट्रंप ने यह भी कहा था कि अमेरिकी सेना ईरान के मुख्य तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लेगी।

### ईरान इन कंपनियों पर भी लगा चुका है आरोप

एलन मस्क की कंपनियों को धमकी देना ईरान की पहली ऐसी कोशिश नहीं है। इस साल की शुरुआत में ईरान की इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपना ध्यान पारंपरिक हथियारों से हटाकर सूचना तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों पर लगाया था। आईआरजीसी ने 18 से ज्यादा बड़ी अमेरिकी कंपनियों को अपनी हिट लिस्ट में शामिल किया है। इसमें मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप), गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल और एनवीडिया जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा बोइंग, टेस्ला और पालान्टिर को भी निशाना बनाने की बात कही गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया दावा

# अमेरिकी सैन्य कार्रवाई से ईरान में हुआ नेतृत्व परिवर्तन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि हालिया अमेरिकी सैन्य कार्रवाई ने ईरान के नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह बदल दिया है। ट्रंप के अनुसार, तेहरान में अब

### नए नेता समझौते के लिए तैयार

नेताओं का एक नया समूह सामने आया है। यह नया समूह वॉशिंगटन के साथ बातचीत करने के लिए पहले के मुकाबले अधिक इच्छुक दिख रहा है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि सैन्य दबाव ने ईरान के भीतर की राजनीतिक स्थिति को बदल दिया है। इससे परमाणु कार्यक्रम पर एक बड़े समझौते की उम्मीद जगी है। ट्रंप ने इसे एक तरह का सत्ता परिवर्तन (रिजीम चेंज) बताया। उन्होंने कहा कि अब जो लोग सत्ता में हैं, वे उन लोगों से कहीं अधिक तर्कसंगत हैं जो अब वहां नहीं रहे। ट्रंप ने विश्वास जताया कि अमेरिका और ईरान एक औपचारिक समझौते के बहुत करीब हैं।



यह समझौता ईरान को परमाणु हथियार बनाने से हमेशा के लिए रोक देगा। राष्ट्रपति के अनुसार, मौजूदा ईरानी नेतृत्व उन अधिकारियों से काफी अलग है जो पहले देश की नीतियां चलाते थे। ट्रंप ने कहा, हमने नेतृत्व की पहली और दूसरी टीम को बाहर कर दिया है। अब वहां एक अलग स्तर के लोग हैं। मुझे लगता है कि यह पहले से ज्यादा समझदार और तर्कसंगत स्तर है।

ट्रंप ने ईरान की वर्तमान स्थिति के लिए सैन्य अभियानों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि ईरान को बहुत नुकसान हुआ है और अब वे समझौते के लिए अमेरिका से भी ज्यादा उत्सुक हैं। उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत की एक कमजोर तस्वीर पेश की। ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणाली सब खत्म हो चुकी है। इतने नुकसान के बावजूद, ट्रंप को लगता है कि नया नेतृत्व अमेरिका के साथ व्यावहारिक रूप से जुड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने बार-बार जोर दिया कि बातचीत का मुख्य मकसद ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी रूप में परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। ट्रंप ने प्रस्तावित समझौते को एक बहुत मजबूत समझौता ज्ञापन बताया और कहा कि इस पर कुछ ही दिनों में हस्ताक्षर हो सकते हैं।

## बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता पर उठे सवाल

**ढाका।** बांग्लादेश के अधिकारियों ने भगवान राम की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा के निर्माण को निलंबित करने का आदेश दिया है। यह प्रतिमा गाइबांधा जिले के पलाशबारी उपजिला में स्थित श्री श्री राधा गोविंदा और काली मंदिर में लगाई जा रही थी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार है। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, मंदिर के सलाहकार श्याममल कुमार महंत ने गुरुवार शाम मंदिर सभागार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की। इस फैसले से तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। आलोचकों का आरोप है कि परियोजना का विरोध करने वाले इस्लामी समूहों के दबाव में इसे निलंबित किया गया है। निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तस्लीमा नसरीन ने राम मंदिर के निर्माण के इर्द-गिर्द हो रही धमकियों, उकसावे और शत्रुतापूर्ण बयानबाजी की कड़ी निंदा की। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस देश में कई लाख मस्जिदें मौजूद हैं और जिनका निर्माण जारी है।

## ईरान ने ट्रंप के दावों का किया खंडन

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर एक बार फिर बयानबाजी तेज हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच बड़ा

- कहा- समझौते पर अंतिम फैसला नहीं
- यूएस को भारतीय नाविकों की मौत पर भी घेरा

समझौता लगभग तैयार है और जल्द ही उस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। लेकिन ईरान ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि किसी भी समझौते पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। इसी बीच ओमान के तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले और उसमें भारतीय नाविकों के प्रभावित होने के मुद्दे पर भी ईरान ने अमेरिका की आलोचना की है। इससे पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और कूटनीतिक गतिविधियों पर नई बहस शुरू हो गई है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका के साथ किसी अंतिम समझौते की खबरें केवल अटकल हैं। उनके अनुसार तेहरान ने अभी तक किसी भी समझौते पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। बघाई ने कहा कि बातचीत की स्थिति शुरू से स्पष्ट थी और समझौते के मसौदे का बड़ा हिस्सा तैयार भी हो चुका था, लेकिन अमेरिकी पक्ष लगातार अपने रुख में बदलाव करता रहा। उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा अपनी तय लाल रेखाओं और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करने की नीति अपनाई है। साथ ही उन्होंने बताया कि कतर और पाकिस्तान मध्यस्थ के रूप में सक्रिय हैं, लेकिन अमेरिकी कदम कूटनीतिक प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।

## ब्रिटेन में एक और मंत्री का इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के सशस्त्र बलों के मंत्री अल कार्न्स ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने रक्षा निधि और सैन्य तैयारियों को लेकर गहरी चिंताओं का हवाला दिया। इस कदम से राष्ट्रीय सुरक्षा खर्च को लेकर प्रशासन के भीतर मौजूद मतभेद और भी उजागर हो गए हैं। कार्न्स का जाना पूर्व रक्षा सचिव जॉन हीली के इस्तीफे के बाद हुआ है, जिनका प्रधानमंत्री के साथ सरकार के रक्षा बजट को लेकर मतभेद था। हीली का तर्क था कि स्टारमर सरकार ने प्रस्तावित सैन्य खर्च देश की रक्षा के लिए जरूरी राशि से काफी कम है। कार्न्स ने अपने इस्तीफे का एलान एक्स पर किया। उन्होंने लिखा कि सरकार ब्रिटेन के सशस्त्र बलों को पर्याप्त समर्थन देने में असफल रही है। उन्होंने लिखा, ब्रिटेन की सेवा करने वालों को काम करने के लिए जरूरी उपकरण और काम पूरा होने पर उनके साथ खड़े रहने की वफादारी देना हमारा कर्तव्य है। हम इन दोनों में विफल रहे हैं।

## ट्रंप प्रशासन को 10 फीसदी वैश्विक टैरिफ वसूली जारी रखने की अनुमति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। वॉशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने फैसला दिया है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक अमेरिकी सरकार दुनिया भर से आने वाले सामान पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ की वसूली जारी रख सकती है। अदालत के इस फैसले को ट्रंप प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे सरकार को फिलहाल अपनी व्यापार नीति लागू रखने का रास्ता मिल गया है। पिछले महीने न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने छोटे कारोबारियों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इन टैरिफ को अवैध करार दिया था। अदालत की बहुमत पीठ ने माना था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों की सीमा से आगे बढ़कर यह कदम उठाया है। अदालत ने कहा था कि टैरिफ लगाने का यह फैसला कानून द्वारा अधिकृत नहीं था। अपील अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ट्रंप प्रशासन की दलीलें पहली नजर में मजबूत दिखाई देती हैं और सरकार का पक्ष अंतिम सुनवाई में सफल हो सकता है। इसी आधार पर अदालत ने अंतिम निर्णय आने तक टैरिफ वसूली जारी रखने की अनुमति दे दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में दुनिया के अधिकांश देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया था। यह फैसला 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत लिया गया था। यह प्रावधान राष्ट्रपति को सीमित अवधि के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत तक वैश्विक आयात शुल्क लगाने की अनुमति देता है। हालांकि इसकी अवधि 150 दिनों तक ही सीमित होती है, जिसके बाद इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होती है।

## एक नज़र

### फिलीपींस में भूकंप के बाद गहराया खाद्य संकट

प्रभावित इलाकों तक ऐसे पहुंच रही राहत

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस में आए भूकंप को चार दिन बीच चुके हैं, लकिन वहां के हालात आज भी सामान्य नहीं हो पाए हैं। हजारों लोगों को राहत शिविर में रहना पड़ रहा है। इसके साथ ही आपदा प्रभावित इलाकों में अब लोगों को खाने और पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। फिलीपींस के कई इलाके ऐसे हैं जहां पर लोगों की मदद के लिए पहुंच पाना प्रशासन के लिए काफी कठिन हो चला है। भूकंप के कारण कई मुख्य सड़कें या तो बाधित हो गई हैं या फिर खराब हो गई हैं। 7.8 तीव्रता के भूकंप ने कई गांवों का संपर्क भी तोड़ दिया है। इसी कारण से प्रशासन को फंसे हुए लोगों की मदद करने में भी समस्या आ रही है।

### बंद किए गए अमेरिकी रक्षा मंत्रालय कई भवन और गलियारे

क्यों उठाए जा रहे एहतियाती कदम?

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय में कई इमारतों और गलियारों को बंद कर दिया गया। यह कदम तब उठाया गया, जब भवन की निगरानी प्रणालियों ने वायु गुणवत्ता की समस्या का पता लगाया। पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने कहा कि इमारत की निगरानी करने वाली प्रणालियों ने हवा की गुणवत्ता से जुड़ी एक समस्या का पता लगाया है। इसके बाद अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि समस्या क्या है और कितनी गंभीर है। पार्नेल ने बयान में कहा, पेंटागन में इमारत और वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा के लिए आधुनिक प्रणालियां लगी हुई हैं। इन प्रणालियों ने हवा की गुणवत्ता से जुड़ी एक समस्या का पता लगाया है। इसकी गंभीरता का पता चलने तक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, विभाग सामान्य सुरक्षा नियमों के तहत काम कर रहा है। इसके तहत प्रभावित इलाके में मौजूद लोगों को वहीं रहने का आदेश दिया गया है। सहायता टीमें मौके पर मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर लोगों की मदद के लिए तैयार हैं। आर्लिंगटन काउंटी दमकल विभाग ने कहा कि खतरनाक पदार्थ से जुड़ी एक घटना के दौरान उसकी विशेष टीम पेंटागन पहुंची। यह टीम पेंटागन फोर्स प्रोटेक्शन एजेंसी की खतरनाक पदार्थों से निपटने वाली टीम की मदद कर रही है।

### पाकिस्तान-तुर्किये की नजदीकियां बढ़ीं

सैन्य अधिकारियों की बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा पर मंथन

**इस्लामाबाद।** तुर्किये के लैंड फोर्सेस कमांडर जनरल मेटिन टोकल ने पाकिस्तान के शीर्ष रक्षा और सैन्य नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और सैन्य साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस्लामाबाद में अपने दौरे के दौरान जनरल टोकल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ, चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस फील्ड मार्शल आसिम मुनीर, नौसेना प्रमुख एडमिरल नावेद अशरफ और एयर चीफ मार्शल ज़ाहिर अहमद बाबर सिद्दू से अलग-अलग मुलाकात की। पाकिस्तानी सेना के अनुसार, इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने पाकिस्तान और तुर्किये के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को दोहराया। साथ ही आपसी विश्वास और जन-स्तरीय संपर्क को इस रिश्ते की मजबूती का आधार बताया गया।

### उम्र रोकने की दवा का पहली बार इंसान पर परीक्षण

**बोस्टन।** मेडिकल साइंस के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक 'रिवर्स-एजिंग' यानी बुढ़ापा रोकने की दवा का इंसानों पर पहला ट्रायल शुरू हो गया है। पहली बार उम्र के असर को उलटने वाला इंजेक्शन किसी इंसान को लगाया गया है। अमेरिका के बोस्टन स्थित बायोटेक स्टार्टअप 'लाइफ बायोसाइंसेज' ने बताया कि उनके पहले मरीज को सेल्यूलर रीप्रोग्रामिंग का इंजेक्शन दे दिया गया है। परीक्षण के तहत यह इंजेक्शन ग्लूकोमा (काला मोतिया) से पीड़ित मरीज की एक आंख की पुतली में लगाया गया है। इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य उम्र बढ़ने के कारण कमजोर हो चुकी कोशिकाओं को फिर से युवा और सक्रिय बनाना है। अगले 6 महीने तक वैज्ञानिक इसके असर और साइड इफेक्ट्स पर नजर रखेंगे।

## कैलिफोर्निया में 954 करोड़ का घोटाला

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया है। इसने वित्तीय जगत के साथ कॉर्पोरेट गलियारों को

- महाघोटालेबाज माखीजानी गिरफ्तार

भी हिलाकर रख दिया है। भारतीय मूल के 44 वर्षीय ग्रीन कार्डधारक फाइनेंसर महेंद्र माखीजानी को एक अमेरिकी बैंक से 954 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में बुधवार सुबह उसकी न्यूपोर्ट बीच स्थित आलीशान हवेली से गिरफ्तार किया गया। माखीजानी पर न सिर्फ शेल कंपनियों और फर्जी इंश्योरेंस दस्तावेजों के जरिये बैंक को ठगने का आरोप है, बल्कि उसने बैंककर्मियों को अपने जाल में फंसाने के लिए अश्लील माध्यमों और ड्रग्स पार्टियों का सहारा लिया और हथियारबंद गुंडों के दम पर संपत्तियों पर कब्जे किए। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया के फर्स्ट असिस्टेंट अमेरिकी अटॉर्नी बिलाल एसायली ने संघीय आपराधिक शिकायत के तहत इस गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि की है। अदालती दस्तावेजों और आईआरएस क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन के एक्टिंग स्पेशल एजेंट इन चार्ज डैरेन लियन के आधिकारिक बयान के अनुसार माखीजानी कैंटर ग्रुप वीएलएलसी नाम की कंपनी चलाता है। बैंक ने इस कंपनी को रियल एस्टेट लोन के लिए 954 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान दिया था। माखीजानी ने सितंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच शेल कंपनियों का नेटवर्क बनाकर और टाइटल इंश्योरेंस पॉलिसियों में हेरफेर कर बैंक को गलत जानकारी दी।

## 'वैश्विक ताकत बनने की राह पर भारत'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने भारत के मिसाइल कार्यक्रम को लेकर बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि भारत की लंबी दूरी की मिसाइलों का विकास केवल पाकिस्तान या चीन को ध्यान में रखकर नहीं किया जा रहा, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर अपनी सैन्य

- बढ़ती मिसाइल शक्ति से बेचैन हुआ पाक, किया खुलासा

और परमाणु शक्ति स्थापित करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस्लामाबाद में पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मजहर जमील ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत के रणनीतिक बलों का विकास और अंतरमहाद्वीपीय दूरी तक मार करने वाली मिसाइल प्रणालियां केवल क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरणों तक सीमित नहीं हैं। उनके अनुसार, भारत की सैन्य क्षमताओं का विस्तार उसे एक वैश्विक परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में बढ़ता कदम प्रतीत होता है। मजहर जमील



ने पश्चिमी देशों और सरकारों से भारत के सैन्य आधुनिकीकरण पर ध्यान देने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर इसके प्रभावों का गंभीरता से आकलन किया जाना चाहिए। हालांकि भारत की ओर से पाकिस्तानी अधिकारी के इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**मई के संघर्ष का भी किया जिक्र**

अपने संबोधन में जमील ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए तनावपूर्ण घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान पाकिस्तान ने संयम बरता था। उन्होंने दावा किया कि यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी सैन्य कार्रवाई का जवाब पाकिस्तान की ओर से निर्णायक और व्यापक तरीके से दिया जाएगा।

**परमाणु क्षमता को बताया क्षेत्रीय स्थिरता का आधार**

कार्यक्रम में सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीआईएसएस) के कार्यकारी निदेशक अली सरवर नकवी ने कहा कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमता ने दक्षिण एशिया में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने दावा किया कि परमाणु प्रतिरोधक क्षमता (डिटरेंस) के कारण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युद्ध की संभावना को रोका जा सका है। पाकिस्तानी अधिकारियों के इन बयानों के बाद दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन, मिसाइल विकास और परमाणु क्षमताओं को लेकर चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर दोनों देशों के बयानों का असर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी देखने को मिल सकता है। फिलहाल, यह बयान पाकिस्तान की ओर से व्यक्त किया गया दृष्टिकोण है और भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

तांडव

हमास को आतंकी संगठन घोषित करने की है मांग

# भारत मान ले तो पीओके में कूद पड़ेगा इजराइल

**नई दिल्ली।** पीओके इस वक्त पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी बन गया है। पीओके में अगर बड़ी चिंगारी लगा दी जाए तो आग पूरे पाकिस्तान में फैल सकती है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि अगर भारत इजराइल की एक बात मान जाए तो इजराइल ही पीओके में तांडव मचा सकता है। एक खास कारण है जिसकी वजह से इजराइल की नजर इस वक्त पीओके पर है। इजराइल पीओके से आई तस्वीरों को देखकर परेशान है। दरअसल इजराइल पिछले कुछ सालों से भारत से एक मांग कर रहा है। इजराइल चाहता है कि भारत हमास को एक आतंकी संगठन घोषित कर दे। आपको बता दें कि भारत अभी तक हमास को एक आतंकी संगठन नहीं मानता है। इजराइल ने भारत से कहा है कि हमास को आतंकी संगठन घोषित करने का समय आ गया है। दरअसल तस्वीर पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर से आई है। इस तस्वीर में हमास के आतंकी पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में बैठे पाकिस्तानी



आतंकियों से मिल रहे हैं।

यानी हमास ने अब भारत के दुश्मनों से हाथ मिला लिया है। हमास पीओके तक पहुंच गया है। ऐसे में इजराइल ने भारत से कहा है कि अगर हमास जैसा आतंकी संगठन पीओके में बैठकर जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर से दोस्ती करता है तो यह भारत के लिए भी खतरा है। ऐसे में भारत तुरंत हमास को एक आतंकी संगठन घोषित कर दे। इजराइल को डर है कि अगर हमास ने पीओके को अपना नया अड्डा बना लिया तो उसे खत्म करना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में इजराइल सिर्फ इतना चाहता है कि भारत कागज पर हमास को आतंकी संगठन घोषित कर दे। उसके बाद का काम इजराइल खुद कर लेगा। अगर भारत इजराइल की बात मान जाता है तो इजराइल चुपचाप भारत आकर पीओके में ऑपरेशन चला सकता है। पीओके के पास अपने इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत करके इजराइल पीओके के अंदर घुसकर अपने और भारत दोनों के दुश्मनों को मार सकता है। इजराइल यह सब कुछ करने के लिए तैयार है। सोचिए अगर इजराइल ने पीओके में ऑपरेशन चला दिया तो पीओके में आतंकियों का क्या हाल होगा? पीओ के ऑपरेशन में भारत की ताकत 100 गुना ज्यादा बढ़ जाएगी। हमें भी लगता है कि अब वो समय आ गया है जब भारत हमास को आतंकी संगठन घोषित कर दे। हालांकि इसमें कुछ अड़चनें अभी भी हैं। सबसे पहली अड़चन तो यह है कि खुद संयुक्त राष्ट्र ने हमास को आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है। इसके अलावा हमास ने भी अभी तक सीधे भारत पर कोई हमला नहीं किया है। हालांकि अब हमास ने पाकिस्तान के साथ हाथ मिला लिया है। बहरहाल कई मुस्लिम देश हैं जो सीधे-सीधे हमास को मदद देते हैं। इनमें सबसे आगे क़तर है। अगर भारत हमास को आतंकी संगठन घोषित करता है तो कई खाड़ी देश भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए पैसा पानी की तरह बहाना शुरू कर देंगे।

बाजार दर्पण




